उज्जैन
मंगलवार
14
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-160
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



हसिका मोटवानी ने एक्स भाभी पर ठोका 2 करोड़ का मानहानि केस घरेलू हिंसा के आरोपों को बताया झूठा




भारत सरकार
अब नेतृत्व की बारी है,
नारी शक्ति वंदन
की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan
CBC 22201/13/0010/2627
देश की बेटियों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण की गारंटी

3+ करोड़ महिलाएं बनीं लखपति दीदी
35+ करोड़ महिलाओं को मिला मुद्रा लोन


## आई-पैक डायरेक्टर विनेश चंदेल को ईडी ने किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से 10 दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय ने आई-पैक के डायरेक्टर और को-फाउंडर विनेश चंदेल को गिरफ्तार किया है। उन्हें कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सोमवार शाम दिल्ली में पकड़ा गया। ईडी की यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजनीतिक कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए चुनावी रणनीति बनाती है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया पर कहा कि चुनाव से 10 दिन पहले हुई यह कार्रवाई निष्पक्ष चुनाव पर सवाल उठाती है।

## वोटर लिस्ट से नाम हटने पर 6 लोगों ने राष्ट्रपति से मौत की गुहार लगाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के आरामबाग में वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के बाद 6 लोगों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मौत की गुहार लगाई है। इन लोगों का कहना है कि स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर के बाद उनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए, जिससे उन्हें हिरासत में लेने के लिए जाने और डिटेंशन कैंप भेजने का डर सता रहा है। इन मौतों में एक रिटायर्ड सरकारी स्कूल की पूर्व हेडमिस्ट्रेस तैबुन्नेसा बेगम भी शामिल हैं। उनका कहना है कि पेंशन पेपर और पासपोर्ट जैसे वैध दस्तावेज होने के बावजूद नाम सूची से हटा दिया गया। सभी 6 लोगों ने एसडीओ कार्यालय के जरिए राष्ट्रपति को आवेदन देते हुए कहा कि डिटेंशन का सामना करने से बेहतर मौत है।

## ईरान का 5 साल तक परमाणु प्रोजेक्ट रोकने का प्रस्ताव, अमेरिका 20 साल पर अड़ा



**तेल अवीव।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में हुई वार्ता में ईरान की परमाणु गतिविधियों को रोकने के लिए अमेरिका और ईरान ने एक-दूसरे को प्रस्ताव दिए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने 5 साल तक परमाणु प्रोजेक्ट रोकने का प्रस्ताव दिया। हालांकि अमेरिका ने इसे नहीं माना और 20 साल की रोक की मांग पर जोर दिया। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नाकाबंदी शुरू हो गई है। यह फैसला सोमवार शाम 7:30 बजे (अमेरिकी समयानुसार सुबह 10 बजे) से लागू हुआ।

# नोएडा में हिंसक प्रदर्शन, 350 फैक्ट्रियों में तोड़फोड़

ब्रह्मास्त्र » नोएडा

नोएडा में सोमवार को फैक्ट्री कर्मचारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया। 9 अप्रैल से सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे 42 हजार कर्मचारी सड़कों पर उतर आए। कर्मचारियों ने अलग-अलग इलाकों में फैक्ट्रियों में पथराव, तोड़फोड़ की। कर्मचारियों ने कई गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए और करीब 50 से ज्यादा फूंक दीं। पुलिस की गाड़ियां भी पलट दी। हालात बिगड़े तो कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने उन पर पथराव कर दिया। फिर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। कर्मचारियों का कहना था कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, वो रुकेंगे नहीं।

पुलिस ने करीब 200 कर्मचारियों को हिरासत में लिया है। 60 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। खास बात है कि इस प्रदर्शन का कोई चेहरा या लीडर नहीं था। 18 से 30 साल के युवा हिंसक प्रदर्शन कर रहे थे। नोएडा आंत्रप्रेन्योर



एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन के मुताबिक करीब 350 से ज्यादा इंडस्ट्री में तोड़फोड़ और 150 वाहन तोड़े गए हैं। उधर, योगी सरकार ने जांच के लिए हाईलेवल कमेटी बनाई है। सीएम ने कहा, औद्योगिक अशांति पैदा करने वाले लोगों से सावधान रहें। हमारी सरकार श्रमिकों के साथ है। सबसे पहले फेज-2 इलाके में हालात खराब हुए। सुनवाई न होने से कर्मचारी उग्र हो गए। पथराव कर दिया। फेज-2 के बाद धीरे-धीरे प्रदर्शन नोएडा के करीब 10 इंडस्ट्रियल इलाकों

## गुजरात-राजस्थान-मध्यप्रदेश समेत 6 राज्यों में पारा 40 डिग्री के पार

ब्रह्मास्त्र » नईदिल्ली

देश के उत्तर, मध्य और पश्चिमी राज्यों में तापमान बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो हफ्तों तक कोई नया सिस्टम एक्टिव नहीं होगा। इससे गर्मी तेजी से बढ़ेगी। हालांकि गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश में पारा 40℃ के पार पहुंच गया है।

इधर, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में आज तेज बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी बारिश हो सकती है। दिल्ली में सोमवार को मौसम साफ रहा। अधिकतम तापमान 36℃ के आसपास दर्ज किया गया।

राजस्थान में गर्मी के तेवर तेज हो गए। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले 4-5 दिन आसमान साफ रहने और तेज गर्मी की आशंका जताई है।

सोमवार को राज्य में सीजन का सबसे अधिक तापमान दर्ज हुआ। बाड़मेर, जैसलमेर में सबसे ज्यादा गर्मी रही, जहां तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से चला गया। ये इस गर्मी सीजन का प्रदेश का सबसे अधिक अधिकतम तापमान है। इससे पहले मार्च में बाड़मेर में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।

### आज से मलमास समाप्त, शुभ और मांगलिक कार्यों की होगी शुरूआत

## सूर्य मीन राशि छोड़ मेष राशि में करेंगे प्रवेश

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

एक बार फिर मांगलिक कार्यों की शुरूआत होने वाली है। 14 अप्रैल को खरमास की समाप्ति होते ही मलमास का समापन हो जाएगा। पंचांग अनुसार 14 से सूर्य मीन राशि छोड़ मेष राशि में प्रवेश करेंगे । इसी के साथ शुभ व मांगलिक कार्यों पर लगा प्रतिबंध हट जाएगा। 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त से विवाह, गृह प्रवेश और यज्ञोपवीत जैसे मांगलिक कार्यों की धूम शुरू होगी। ज्योतिषाचार्य पं. अमर डिब्बावाला ने बताया कि नवग्रहों के राजा सूर्य 14 अप्रैल को सुबह 9.52 बजे मेष राशि में प्रवेश करेंगे। मेष राशि के स्वामी मंगल हैं, जो सूर्य के मित्र हैं। मेष में सूर्य अपने उच्च अंश पर होते हैं, जिससे शुभ कार्यों के लिए सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

### विवाह, गृह प्रवेश के शुभ मुहूर्त

विवाह के लिए अप्रैल में 20, 21 और 26 तारीख श्रेष्ठ है। मई में 5, 6, 7, 8 और 14 तारीख पर अच्छे मुहूर्त हैं, जबकि जून में 19, 20, 22, 23, 26, 27, 28, 29 और जुलाई में 1, 6, 7 तारीख को विवाह हो सकेंगे। गृह प्रवेश के लिए अप्रैल में 20, 24, 29 , जून में 24, 27 तारीख और जुलाई में 1, 8, 11 तारीख के मुहूर्त शुभ रहेंगे।

### क्या रहेंगे खास अवसर

अप्रैल- 15 को प्रदोष, 17 को वैशाखी अमावस्या, 19 को परशुराम जयंती, 20 को अक्षय तृतीया, 21 को शंकराचार्य जयंती, 22 को रामानुजन आचार्य जयंती, 23 को गंगा सप्तमी, 24 को बगलामुखी जयंती, 25 को सीता नवमी, 27 को मोहिनी एकादशी, 29 को प्रदोष व्रत और 30 को नरसिंह जयंती। मई झ्र 1 मई को वैशाखी पूर्णिमा, 3 को नारद जयंती, 5 को अंगारक संकष्टी चतुर्थी और 13 मई को अपरा एकादशी का व्रत रहेगा।

# उज्जैन के रामघाट पर सूर्यास्त के बाद अंधेरे में शिप्रा आरती

पं राहुल शुक्ल

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

उज्जैन। धर्म जब व्यावसायिक हो जाए, धर्मयात्रा जब पर्यटन हो जाए और धार्मिक नगरी जब पर्यटकों की नगरी हो जाए तो धर्म मे गिरावट स्वमेव होने लगती है। धर्म के संवाहक पंडित व पुजारी परंपरागत धार्मिक मान्यताओं का पालन न करते हुए धर्म से अर्थ को तरजीह देने लगते हैं तो श्रद्धालुओं की भावना आहत होती हैं और धर्म की हानि भी होती है।

देश मे पावन नदियां पूज्य रही हैं और उनके प्रति हर सनातनी आस्था व श्रद्धा रखता है। कुछ दिनों पूर्व जब पवित्र गंगा नदी मे विधर्मियों ने नौका मे मांसाहारी पार्टी की व हड्डियां पावन गंगा



मे डाल दीं तो पूरे देश मे बखेड़ा खडा हुआ और उन युवकों को इस घृणित कृत्य के लिए सजा की मांग उठने लगी किन्तु खुद धर्म के संवाहक जब धर्मसम्मत नियमों का पालन न करें तो क्या किया जाए ये एक विचारणीय प्रश्न है।

### पवित्रता व शुद्धता की अनदेखी

आरती व अन्य धार्मिक विधियां पूर्ण शुद्धता व पवित्रता के साथ संपन्न की जाती हैं। धार्मिक रीतियों को करनेवाले को स्नान के बाद साफ परिधान पहनकर आरती करने का विधान है किन्तु भेंट दक्षिणा की लिप्सा में शिप्रा आरती कोई भी पर्यटक कर रहा है। अब वह सीधे ट्रेन से उतरकर शौच आदि के बाद भी आ गया तो भी आरती कर रहा है और पवित्रता या शुद्धि जैसे नियमो को विस्मृत किया जा रहा है। कुछ महिलाएं भी शिप्रा की आरती करती हैं । आरती के पूर्व न तो पंडित यजमानों से हाथ ,पैर धुलवाते हैं और न ही शुद्धिकरण के मंत्रों का वाचन कर आचमन आदि किया जाता है। यजमान को सीधे आरती पकडा दी जाती है। धर्म के जानकार जब ये दृश्य देखते हैं तो उनकी आस्था आहत होना लाजिमी है।

### शिप्रा आरती मे धार्मिक परंपरा की अनदेखी

पुण्यसलीला मां शिप्रा की आरती सूर्यास्त के समय होने की परंपरा रही है। प्रतिदान सूर्यास्त के समय ढोल , नगाड़े व घंटियों की सुमधुर धुन पर भव्य आरती रामघाट पर होती है। विगत कुछ माह से एक नया ट्रेंड शिप्रा के विभिन्न घाटों पर देखने को मिल रहा है। अब हर घाट पर शिप्रा की आरती हो रही है। आश्चर्य का विषय ये है कि ये आरती एकसाथ नहीं होती बल्कि सभी घाटों की आरती समय मे अंतर देखने को मिलता है। ग्रीष्मकाल मे आरती समय सूर्यदेव के अस्त होने के वक्त अमूमन साढे छः से सात के मध्य होना चाहिए किन्तु जब से पर्यटकों की आवाजाही शहर मे बढी तब से शिप्राजी की आरती धनार्जन का माध्यम बन गई और पंडित के अलावा यजमानों से दक्षिणा लेकर शिप्रा की आरती करवाई जाने लगी। वर्षो पूर्व सिर्फ पंडित ही पूर्ण शुद्धता के साथ आरती करते थे किन्तु अब धार्मिक नगरी आनेवाला कोई भी पर्यटक आरती कर सकता है बशर्ते उस की जेब भारी हो और वो आरती के लिए पंडित की ओर बडा नोट सरका सके।

## खबर एक नजर...

### पहले कार को मारी टक्कर फिर चालक को धमकाया

**उज्जैन।** देवासरोड ग्राम चंदेसरा ब्रिज के पास बायपास मार्ग पर सोमवार सुबह तेजगति से दौड़ते बुलेट चालक ने पीछे से बैंगलोर कर्नाटक के रहने वाले रितेश पिता मुन्नालाल की कार को टक्कर मार दी। कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ। रितेश ने नुकसान होने पर बुलेट चालक को देखकर चलाने की बात कहीं तो उसने पहले तो गाली-गलौच शुरू की और फिर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मामले में नागझिरी थाना पुलिस ने बुलेट चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। रितेश परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आ रहा था।

### बुलेरो चालक पर दर्ज हुआ केस




उज्जैन। महिदपुर रोड थाना क्षेत्र के ग्राम सगवाली और इसनखेड़ी के बीच 21 मार्च को बुलेरो पलटी खा गई थी। जिसमें सवार जानीबाई पति नागुलाल राठौर 65 साल निवासी ग्राम चिवड़ी की मौत हो गई थी, वहीं तीन-चार अन्य घायल हो गये थे। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। घायलों के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि चालक तेजगति से चला रहा था। जिसके चलते बुलेरो पलटी थी। पुलिस ने जांच और तथ्यों के आधार पर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 215 (ए), 106 (1) में प्रकरण दर्ज किया है।

### यार्दे को नई जिम्मेदारी, मित्र मंडली ने किया स्वागत


**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के रूप में कपिल यार्दे को नई जिम्मेदारी मिलने पर जितेंद्र शिंदे मित्र मंडली ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कपिल यार्दे का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जितेंद्र शिंदे ने कहा कि यार्दे ने उज्जैन में नेतृत्व करते हुए लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए हैं। उन्होंने कहा कि नई जिम्मेदारी में भी यार्दे अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। शिंदे ने बताया कि नए कार्यकाल में उज्जैन के साथ पूरे मध्यप्रदेश में सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन की संभावना है। कार्यक्रम का संचालन मनीष रावल ने किया।

### पीएनजी कनेक्शन के लिए रोज आ रहे 40 आवेदन

**उज्जैन।** शहर में गैस एजेंसियों के बाहर सिलेंडर के लिए अभी भी लंबी-लंबी लाइन लग रही है। लोग सुबह से ही खाली गैस सिलेंडर लेकर घंटों इंतजार कर रहे हैं। गैस टंकियों की परेशानी को देखते लोग अब पीएनजी की ओर रूख करने लगे हैं। शहर में रोजाना अवंतिका गैस लिमिटेड में पीएनजी गैस कनेक्शन के 40 से ज्यादा आवेदन आ रहे हैं। इनमें से रोज 15 कनेक्शन कंपनी द्वारा चालू किए जा रहे हैं। उज्जैन में अवंतिका गैस लि. के मैनेजर अभय तिवारी ने बताया कि गैस टंकियों की किल्लत के बाद लगातार आवेदन मिल रहे हैं। शहर के लगभग 75 प्रतिशत हिस्से में पीएनजी पाइपलाइन का काम हो चुका है। शेष हिस्से में भी पाइपलाइन डालने का काम चल रहा है। वैसे तो आवेदन मिलने के 90 दिन के भीतर कनेक्शन करने की समय सीमा होती है, लेकिन हालात को देखते हुए जल्द से जल्द गैस कनेक्शन कर लोगों को राहत दे रहे हैं। इसके लिए अवंतिका गैस लिमिटेड ने आईटीआई उज्जैन में भर्ती के उद्देश्य से एक सत्र आयोजित किया। गैस कनेक्शन की गति बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित प्लंबर और फिटर को सीधे संविदा आधार पर नियुक्त भी किया जा रहा है।

# पंचकोशी यात्रा नलवा-अम्बोदिया तक पहुंची

## 37 डिग्री पारे में 118 किमी पैदल चल रहे श्रद्धालु, आज जेथल होते उंडासा के लिए होंगे रवाना



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में प्रतिवर्ष निकलने वाली पंचकोशी यात्रा शुरू होकर अब नलवा और अम्बोदिया तक पहुंच गई है। मंगलवार को श्रद्धालु जेथल होते हुए उंडासा के लिए रवाना होंगे। इस बार पंचकोशी यात्रा का विधिवत शुभारंभ 12 अप्रैल से होना था, लेकिन परंपरा के अनुसार कई श्रद्धालु दो दिन पहले ही गठरी सिर पर रखकर तपती गर्मी में पैदल यात्रा पर निकल पड़े।

शहर के पटनी बाजार स्थित नागनाथ गली में भगवान नागचंद्रेश्वर को नारियल अर्पित कर आशीर्वाद लेने के बाद श्रद्धालुओं ने 118 किलोमीटर लंबी पंचक्रोशी यात्रा की शुरूआत की। यह यात्रा 12 अप्रैल से शुरू होकर 16 अप्रैल को समाप्त होगी, हालांकि सैकड़ों श्रद्धालु पहले ही यात्रा पर निकल चुके हैं। पंचकोशी यात्रा में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। वे अपने साथ सूखा राशन और कपड़ों की गठरी लेकर पांच दिनों तक पैदल चलते हैं। भीषण गर्मी के बावजूद आस्था का यह सैलाब सड़कों पर नजर आ रहा है।

यात्रा के दौरान श्रद्धालु शहर के चारों दिशाओं में स्थित प्रमुख मंदिर पिंगलेश्वर, कायावरोहणेश्वर, बिल्वेश्वर, दुर्धरेश्वर और नीलकंठेश्वर में पूजन-अर्चन करते हुए अंत में शिप्रा नदी में स्नान कर यात्रा का समापन करेंगे।

### भीषण गर्मी में पैदल यात्रा

आस्था के इस सैलाब में तपती सड़कों और लंबे रास्तों के बावजूद श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ते हैं और कब अगला पड़ाव आ जाता है, इसका अहसास भी नहीं होता। पंचक्रोशी यात्रा वैशाख माह की कृष्ण दशमी से शुरु होकर अमावस्या पर समाप्त होती है। प्रशासन ने यात्रा मार्ग, पड़ाव और उप-पड़ाव स्थलों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। करीब 37 डिग्री तापमान के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिख रही है। वे पूरे उत्साह के साथ 118 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रहे हैं। इस यात्रा में भजन मंडलियों के साथ करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। खास बात यह है कि इसमें 5 साल के बच्चे से लेकर 70 वर्ष तक के बुजुर्ग महिला-पुरुष भी बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

### भोजन-पानी सब निःशुल्क

यात्रियों की सुविधा के लिए निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर, पेयजल, छांव, मेडिकल टीम और भोजन की व्यवस्थाएं की गई हैं। कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी यात्रियों के लिए भोजन, पानी, शेड, आइसक्रीम और छाछ जैसी सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही हैं। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा के अनुसार, 10 अप्रैल से ही यात्रा को लेकर विशेष व्यवस्थाएं शुरू कर दी गई थीं। यात्रा का समापन 16 अप्रैल को होना है, हालांकि कुछ श्रद्धालु 18 अप्रैल तक शहर में प्रवेश करेंगे, इसलिए व्यवस्थाएं लगातार जारी रहेंगी।

### ये रहेंगे पड़ाव

चिलचिलाती धूप में जहां कुछ देर ठहरना भी मुश्किल है, ऐसे में प्रदेशभर से आए हजारों श्रद्धालु बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष 118 किमी की पंचकोशी यात्रा में शामिल हो रहे हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालु निर्धारित पड़ावों पर विश्राम करेंगे। पंचक्रोशी यात्रा के मुख्य पड़ाव पिंगलेश्वर, करोहन, नलवा, अम्बोदिया, केडी पैलेस, जेथल और उंडासा रहेंगे। इसमें कुल पांच मुख्य पड़ाव और दो उप-पड़ाव बनाए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था रहेगी। पांच दिवसीय इस यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। मान्यता है कि पंचक्रोशी यात्रा का पुण्यफल अवंति क्षेत्र में निवास के समान होता है।

# जन्म प्रमाण पत्र से जुड़ी शिकायत में लापरवाही, 2 पर विभागीय जांच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र बनाने से जुड़ी शिकायत के निराकरण में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य विभाग के एल वन और एल टू अधिकारी कार्रवाई के दायरे में आए हैं। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की जा रही है।

इन पर यह कार्रवाई कलेक्टर रौशनकुमार सिंह के निर्देश पर की जा रही है। सोमवार को टीएल मीटिंग में समीक्षा में इनकी उक्त लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर ने नाराजगी भी जताई। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को जल संरचनाओं पर किए अतिक्रमणों का चिह्नांकन कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए। यह भी कहा कि इस समस्या का स्थाई हल सुनिश्चित करें। नरवाई प्रबंधन के लिए जिले में किए जा रहे कार्यों को लेकर कलेक्टर ने सभी एसडीएम, उप संचालक कृषि, डीआरसीएस से जानकारी प्राप्त की। निर्देश दिए कि एसडीएम रात में और सुबह फील्ड में जाकर आवश्यक कार्रवाई करें। इसी तरह उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए सभी नोडल अधिकारियों को रोजाना सुबह उपार्जन केंद्रों का भ्रमण करने के लिए भी कहा।

# सोयाबीन बीज तलाश रहे किसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सोयाबीन की बोवनी की तैयारियों को लेकर समय नजदीक आ गया है। किसान मंडी में ग्रेडिंग बीज की दुकानों पर क्वालिटी और भाव तलाश रहे हैं। सोमवार को मंडी में नीलामी के दौरान डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा का सोयाबीन बिका। अधिकतम भाव 5,450 से 5,650 रुपए क्विंटल रहे। बीज वाला ग्रेडिंग 5,926 रुपए क्विंटल बिका। सोयाबीन प्लांट के खरीदी ऑफर में नीमच लाइन 5800, इंदौर लाइन 5725 रुपए रहे। कारोबारी अमर अग्रवाल ने बताया कि ईरान-अमेरिका शांति वार्ता फेल होने से सोयाबीन तेल में फिर तेजी की स्थिति बनती दिख रही है। सोमवार को तेल बाजार में भाव एक ही स्तर पर बने रहे। तेल कारोबारी अभी तेजी या मंदी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं। तेल की चाल ईरान और अमेरिका की वार्ता पर निर्भर रहेगी। असमंजस के कारण भाव की स्थिति संकट वाली बनी हुई है। रूपाखेड़ी के किसान कमल पटेल ने बताया कि सोयाबीन के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

# हत्या की धमकी देकर बदमाशों ने मचाया था उत्पात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**नाम करना चाहते थे प्लाट, 3 को भेजा जेल**

हाथ में तलवार लेकर आये बदमाशों ने हत्या की धमकी दी और प्लाट अपने नाम कराने की बात कहने लगे। यहीं नही बदमाशों ने पीड़ित परिवार के मकान और बाइक में तोड़फोड़ कर उत्पता मचाते हुए पूरे क्षेत्र में दहशत फैलाई। पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम नावदा में 7 अप्रैल को राजपूत परिवार से जुड़े 2 भाईयों ने अपने साथी के साथ मिलकर पाटीदार परिवार के घर पहुंचकर उत्पात मचाते हुए कस्बे में दहशत फैलाई थी। तीनों ने तलवार लहराते हुये धमकी दी कि प्लाट हमारे नाम नहीं किया तो जान से मार देगें। उन्होने पाटीदार परिवार की बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। घटनाक्रम के बाद मामले में आस्था पिता गणेश पाटीदार 23 साल ने मामले की शिकायत बड़नगर थाने पहुंचकर दर्ज कराते हुए बताया कि रात में घर पर वह अपनी मां संगीता और दादी कमलाबाई के साथ घर पर थी। तभी सामने रहने वाला बबलू पिता हाकमसिंह अपने भाई विशाल और अरूण पिता दरबारसिंह निवासी पायकुंडा के साथ आये थे।



तीनों ने तलवार दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए प्लान नाम करने की बात कहीं और मकान और बाइक में तोड़फोड़ की। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि घटना की मौके पर तस्दीक की गई, सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें बदमाशों द्वारा उत्पात साफ दिखाई दिया। आस्था पाटीदार की शिकायत पर हत्या की धमकी देने, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिये एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, नारायण सरा, कैलाश गरवाल, सैनिक गोवर्धन डाबी की टीम बनाई गई। 6 दिनों की तलाश के बाद तीनों को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। जिनसे तलवार बरामद की गई। तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। दोनों भाई बबलू और विशाल के खिलाफ पूर्व में 5 प्रकरण दर्ज है।

उज्जैन
मंगलवार
14
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

यथा काष्ठमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः।
तथा वेदं विना विप्रः त्रयस्ते नामधारकाः।।

**अर्थः** लकड़ी के हाथी की तरह, और चमड़े से ढके हिरण की तरह, ब्राह्मण जिसने वेदों का अध्ययन नहीं किया है, वह भी केवल एक नामहीन व्यक्ति है।

## खबर एक नजर...

### नौकरी छोड़ने वाली पत्नी को 40 हजार मेंटेनेंस, हाईकोर्ट ने आदेश बरकरार रखा

**इंदौर।** हाई कोर्ट ने वैवाहिक विवादों में भरण-पोषण (मेंटेनेंस) को लेकर एक बड़ा सिद्धांत स्पष्ट किया है। कोर्ट ने कहा कि यदि पत्नी शादी के बाद पारिवारिक कारणों से नौकरी छोड़ देती है तो वह तब तक पति से मेंटेनेंस पाने की हकदार है, जब तक वह दोबारा पर्याप्त आय वाली नौकरी हासिल नहीं कर लेती। जस्टिस गजेंद्र सिंह की एकल पीठ ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें असिस्टेंट मैनेजर पति को बीई ग्रेजुएट पत्नी को 40,000 प्रति माह देने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि ह्यपीं कमा सकती है और पीं कमा रही है इन दोनों बातों में बड़ा अंतर है। जब तक यह साबित न हो कि पीं वास्तव में कमाई कर रही है, तब तक उसे मेंटेनेंस से वंचित नहीं किया जा सकता। पत्नी ने आरोप लगाया था कि पति की अवैध मांगों को पूरा न करने पर उसे प्रताड़ित किया गया। वहीं, पति का कहना था कि पत्नी बिना उचित कारण के अलग रह रही है। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि पत्नी के पास आय का ठोस प्रमाण न होने के कारण 40 हजार का मेंटेनेंस उचित और संतुलित है।

### 71 मकान हटाने का मामला नोटिस के बाद याद आया सिंगल बेंच में भी केस चल रहा

**इंदौर।** एमआर-10 से लगी न्याय नगर संस्था की जमीन पर बसी अवैध कृष्णबाग कॉलोनी के 71 मकानों को लेकर फिर पेंच आ गया है। प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यहां नोटिस देकर कार्रवाई के लिए निशान लगा दिए थे। इस बीच याद आया कि एक केस अभी हाई कोर्ट की सिंगल बेंच से स्टे का भी है। प्रशासन ने अब हाई कोर्ट से डायरेक्शन मांगा है, ताकि कार्रवाई में किसी तरह की तकनीकी बाधा न आए। एसडीएम घनश्याम धनगर ने बताया हम नोटिस सहित अन्य कार्रवाई कर चुके हैं। एक याचिका पर सिंगल बेंच ने स्टे दिया है, इसलिए मार्गदर्शन के लिए समय मांगा है। पांच साल से चल रही इस लड़ाई में जुलाई 2024 में 15 से ज्यादा मकान बारिश के बीच टूटे थे। इसके बाद भी छुटपुट कार्रवाई हुई थी, फिर स्टे के बाद मामला अटक गया था। इसके बाद श्रीराम बिल्डर्स ने फिर कोर्ट की शरण ली थी, वहां से जिला प्रशासन को जमीन खाली करवाने के आदेश मिले हैं। मेसर्स श्री राम बिल्डर्स तर्फे पार्टनर शशि भूषण खंडेलवाल ने हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में याचिका 2023 में लगाई।

### कचरा और गंदगी मिलने पर दरोगा की सेवा समाप्त

**इंदौर।** नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने सोमवार को शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दीपमाला ढाबा, सुपर कॉरिडोर लवकुश चौराहा, अरविंदो हॉस्पिटल क्षेत्र, रेलवे स्टेशन, बाणगंगा मेन रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, बीमा हॉस्पिटल, नंदा नगर सहित विभिन्न स्थानों का जायजा लिया गया। दीपमाला ढाबा क्षेत्र में वाइन शॉप, गन्ने की चरखी एवं अन्य दुकानों के बाहर कचरा और गंदगी पाए जाने पर उन्होंने तत्काल चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए। निदेर्शों के पालन में क्षेत्रीय सीएसआई द्वारा 5 संस्थाओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 13 हजार रुपए की वसूली की गई। अरविंदो हॉस्पिटल के पास सड़क किनारे मिट्टी के ढेर से यातायात प्रभावित होने पर उसे तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए। जोनल अधिकारीनरेंद्र कुरील ने मौके पर कार्रवाई करते हुए मिट्टी हटाकर यातायात सुचारू कराया। जोन 9 के वार्ड 47 के तहत रेलवे स्टेशन क्षेत्र के निरीक्षण में स्टेशन और संपर्क मार्गों पर गंदगी पाए जाने पर संबंधित क्षेत्रीय दरोगा का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसी तरह बाणगंगा मेन रोड और इंडस्ट्री एरिया में कर्मचारी अनुपस्थित मिलने तथा गंदगी पाए जाने पर संबंधित दरोगाओं का एक-एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए।

# इंदौर में इमारत के छटे माले पर लगी आग

## धुआं इतना था कि बीमार पत्नी बेडरूम में नहीं दिखी, आवाज देकर खोजा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के लसूड़िया इलाके स्थित स्कीम नंबर 136 में आईडीए की 9 मंजिला इमारत के छठे माले पर सुबह करीब 5:30 से 6 बजे के बीच एक फ्लैट में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि सातवें माले की बालकनी तक लपटें पहुंच गईं और वहां रखा सामान भी जल गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

आग लगने के समय फ्लैट में रहने वाले रवि मालवीय अपनी पत्नी के साथ सो रहे थे। अचानक तेज आवाज और धुआं भरने से उनकी नींद खुली। उनकी पत्नी किडनी की मरीज हैं और खुद से उठ नहीं पा रही थीं। घने धुएं के बीच रवि ने आवाज लगाकर पत्नी को ढूंढा और किसी तरह उसका हाथ पकड़कर सुरक्षित बाहर निकाला।



धुएं के कारण पत्नी के फेफड़ों पर असर पड़ा है। बिजली चले जाने से लिफ्ट बंद थी, इसलिए उन्हें सीढ़ियों से नीचे लाना पड़ा।

रवि ने अन्य फ्लैट्स के लोगों को भी सतर्क किया और दरवाजे खटखटाकर सभी को बाहर निकलने के लिए कहा। इससे बड़ा हादसा टल गया और सभी लोग समय रहते बिल्डिंग से नीचे आ गए।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मसाजर मशीन बनी वजह

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रात में मसाजर मशीन चालू रह जाने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लगी। आग की शुरूआत घर के एक कमरे से हुई, जो तेजी से फैल गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। ऊंची इमारत होने के कारण आग बुझाने में दिक्कत आई और 6 से अधिक पाइप जोड़कर सीढ़ियों के जरिए ऊपर पानी पहुंचाया गया। करीब 10 हजार लीटर पानी डालकर एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### फायर सेफ्टी सिस्टम पर सवाल

बिल्डिंग में फायर सेफ्टी सिस्टम मौजूद था, लेकिन जिस स्थान पर यह लगा था वहां ताला बंद मिला। इस लापरवाही को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

### विधायक पहुंचे, दिए जांच के निर्देश

घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला मौके पर पहुंचे। उन्होंने कऊअ अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिल्डिंग में फायर सेफ्टी नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और उपकरणों की नियमित जांच हो, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# पैक हो रहा था नकली टाटा नमक

## 840 पैकेट और 1850 किलो कच्चा माल मिला, दिल्ली से बुलवाता था पैकिंग का सामान

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के एरोड्रम इलाके में टाटा नमक की नकली पैकिंग करने वाली फैक्ट्री पर पुलिस ने दबिश दी। यहां से 840 पैकेट नकली नमक और 1850 किलो कच्चा माल और मशीनरी जब्त की। पूछताछ में ये बात निकलकर सामने आई है कि आरोपी दिल्ली से पैकेजिंग का सामान बुलवाता था। सोमवार को पुलिस ने मामले का खुलासा किया।

एरोड्रम टीआई तरुण सिंह भाटी ने बताया कि इंदौर में टाटा कंज्यूमर प्रोटक्ट लिमिटेड के टेक्निकल एक्सपर्ट ने लिखित शिकायत की थी कि इंदौर में कंपनी के ब्रांड टाटा नमक की नकली पैकेजिंग कर बाजार में बेचा जा रहा है। इससे कंपनी और शासन को आर्थिक नुकसान हो रहा है।



शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने लोकनायक नगर में एक जगह पर दबिश दी और मौके से जितेंद्र गुप्ता को पकड़ा। वह बड़े स्तर पर नकली नमक की पैकेजिंग करने का काम कर रहा था। उसके पास से लगभग 1 लाख रुपए से ज्यादा माल जब्त किया है। इसमें मुख्य रूप से 840 पैकेट (1 किलो) नकली टाटा नमक, 1850 किलो कच्चा नमक, 980 खाली ब्रांडेड पैकेजिंग, 32 खाली कट्टे, वेइंग मशीन, पैकिंग मशीन, सिलाई मशीन और डिजिटल तराजू जब्त किया है।

### दिल्ली से बुलवाता था पैकेजिंग का सामान

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह नकली पैकेजिंग का सामान (ब्रांडेड कट्टे/पॉलीथिन) दिल्ली से मंगवाता था और स्थानीय स्तर पर सस्ते कच्चे नमक को पैक कर टाटा नमक के नाम से आसपास के इलाकों में बेचता था। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। उससे पूछताछ कर ओर भी जानकारी निकाली जा रही है।

# कीपैड मोबाइल जरिए पुलिस हत्यारों तक पहुंची

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के केट रोड पर शनिवार रात एक युवक की सिर पर पत्थर मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने सोमवार तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शव के पास मिले कीपैड फोन के आधार पर पुलिस ने युवक की पहचान की और आरोपियों तक पहुंच सकी। राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात एक युवक के सिर पर पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी। युवक कुंदन नगर के शराब दुकान के पास मैदान में गंभीर हालत में मिला था। पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुरूआत में मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन बाद में पुलिस ने जांच के दौरान उसकी पहचान कर ली। डीसीपी कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे नहीं थे और मृतक की पहचान भी नहीं हो पा रही थी, जिससे पुलिस को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# अवैध कॉलोनी में बनाए जा रहे 12 रो हाऊस पर चली पोकलेन

## इंदौर में अवैध निर्माण पर नगर निगम का एक्शनः नकली घी कांड का आरोपी रह चुका भूमाफिया

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर नगर निगम की रिमूवल टीम ने सोमवार को बाणगंगा इलाके के जगदीश नगर में अवैध कॉलोनी में बनाए जा रहे रो-हाउस को तोड़ने की कार्रवाई की। नगर निगम को इसकी शिकायत मिली थी, जिसके बाद टीम ने एक्शन लिया। नगर निगम की रिमूवल टीम 3 पोकलेन मशीन और 70 से ज्यादा निगमकर्मियों के साथ इलाके में पहुंची और अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की।

नगर निगम को मिली थी शिकायत

नगर निगम के रिमूवल अधिकारी अंकेश बिरथरिया ने बताया कि नगर निगम के कॉलोनी सेल डिपार्टमेंट में शिकायत मिली थी कि सर्वे क्रमांक 242/1 पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही है, जहां रो-हाउस बनाए जा रहे हैं।

भूमाफिया दिनेश साहू के बेटे शुभम साहू इन रो-हाउस को बना रहा था। क्षेत्रीय भवन अधिकारी को शिकायत मिली थी, जिसके बाद उन्होंने यहां का मौके पर मुआयना किया। इसके बाद भवन अनुज्ञा से संबंधित कार्रवाई पूरी की गई और यह कार्रवाई की गई।



**12 रो-हाउस बन रहे थे, कुछ अंडर कंस्ट्रक्शन थे-** अंकेश ने बताया कि यहां 12 रो-हाउस बन रहे थे। इनमें कोई नहीं रह रहा था, इसलिए इन्हें तोड़ा गया है। यहां किसी प्रकार का कोई विरोध नहीं हुआ। ये 5 से 10 हजार स्क्वेयर फीट में तैयार हो रहे थे। इन रो-हाउस में 6 बनकर तैयार हो गए थे, जिनमें पुट्टी का काम भी हो गया था, जबकि 6 रो-हाउस अंडर कंस्ट्रक्शन थे।

**रात में कब्जा, दिन में सौदेबाजी-** आरोप है कि दिनेश साहू खासगी ट्रस्ट सहित कई जमीनों पर अवैध कब्जा जमाकर बैठा था। रात के अंधेरे में तेजी से निर्माण कर हजारों वर्ग फीट जमीन पर सैकड़ों अवैध मकान खड़े कर दिए गए। इन मकानों को बिना किसी वैध अनुमति के खुलेआम बेचा जा रहा था, जिससे भोले-भाले खरीदारों के साथ धोखाधड़ी हो रही थी।

बता दे कि कुछ दिनों पहले ही नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने अवैध कॉलोनी को लेकर अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए दिशा-निर्देश दिए थे, जिसके बाद से निगम के अधिकारी लगातार अवैध कॉलोनी काटने वालों पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों के मुताबिक पास में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी जदनीश नगर पर भी जल्द बुलडोजर चलाया जाएगा, जहां सड़कें तक बना दी गई हैं।

### नकली घी कांड का आरोपी रह चुका भूमाफिया दिनेश साहू

- इंदौर में अवैध कॉलोनी तोड़ने की कार्रवाई के बाद अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि आरोपी दिनेश साहू पहले नकली घी बनाने के कारोबार से जुड़ा रहा है और उस पर पहले भी कई बार कार्रवाई हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक, साल 2010 और अक्टूबर 2014 में सांवेर रोड स्थित दो प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई थी। उस समय जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारा था।
- नकली घी पॉम आयल, खुशबू वाला एसेंस और वनस्पति मिलाकर तैयार किया जाता था। इन सभी चीजों को कड़ाही में गर्म कर डिब्बों में पैक किया जाता था। इसमें 60% का मार्जिन मिलता था, यानी 40% की लागत पर 60% का फायदा। इंदौर से आसपास के जिलों और अन्य राज्यों में इसकी सप्लाई होती थी। सूत्रों के मुताबिक, नकली घी के कारोबार बंद होने के बाद दिनेश साहू ने जमीन के धंधे में कदम रखा और अपने बेटे शुभम को भी इसमें शामिल कर लिया।

## खबर एक नजर...

### डॉ. आंबेडकर की 135वीं जयंती पर निकास चौराहे पर मनेगा जश्न, बंटेगी तस्वीरें

**उज्जैन।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर 14 अप्रैल को संत रविदास शोध संस्थान द्वारा एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 7 बजे निकास चौराहे पर भगवान खांडेगर के नेतृत्व में संपन्न होगा। जयंती समारोह में केक काटकर और आतिशबाजी कर हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित जनों को बाबा साहब की तस्वीरें भी वितरित की जाएंगी।

संस्थान और आयोजकों ने सभी समाजबंधुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निवेदन किया है। आयोजन में गौतम खिरवे, प्रवीण आमोलिया, एम.एल. बड़ोदिया, कांचा जाटव, गुलाब जाटव, गुलाब भंडारी, कैलाश बिल्लौरे, शंकर विनेखा, तूफान ऊमेरे और रवि गणगौरे का विशेष सहयोग रहेगा।

कार्यक्रम को लेकर अनोखी लाल खांडेगर, मोहन भंडारी, मुकेश सूर्यवंशी, बंटी करें, खलीफा, देवीलाल लोहारिया, ललित निबोरिया, धर्मेंद्र विनेखा, मांगू पहलवान, रिंकू करपारिया, दुलीचंद चुरिया, बालकिशन धेर्यो, प्रकाश बिल्लौरे, कमलेश तिलवे, रतन लोदवाल, दीपचंद बड़वाया, अशोक बड़वानिया, आकाश चूरियां, विनोद चोपड़ा, राहुल खोजें और नितिन सूर्यवंशी ने समाजजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए महिलाएं बनीं 'नीर प्रहरी', अवंति कल्याण मंडल ने बांटे नीर पात्र

**उज्जैन।** भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से 12 अप्रैल को अवंति पार्श्वनाथ मंदिर में अवंति कल्याण मंडल महिला मंडल की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। ₹आओ नीर प्रहरी बनें₹ अभियान के तहत जीव दया को प्राथमिकता देते हुए बैठक में पक्षियों के लिए नीर पात्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल की सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि वे पूरी गर्मी में पक्षियों के लिए अपनी-अपनी छतों पर रोजाना दाना और स्वच्छ पानी भरकर रखेंगी।

#### भजन मंडली की शानदार सुमधुर प्रस्तुतिया

# पंचकोशी यात्रियों का ग्राम पानबड़ोदिया में आत्मीय स्वागत; शीतल ठंडाई से दी राहत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में आस्था और तपस्या के महापर्व 'पंचकोशी यात्रा 2026' के दौरान सेवा और समर्पण का अनुपम दृश्य देखने को मिला। सोमवार को यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव पर औदीच्य ब्राह्मण समाज उज्जैन की विभिन्न इकाइयों युवा, वरिष्ठ एवं महिला इकाई एवं संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पानबड़ोदिया स्थित श्री माधवलालजी जोशी एवं श्री महेशजी जोशी (पटवारी सा.) के फार्म हाउस पर विशाल सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में नंगे पाँव चल रहे हजारों पंचकोसी श्रद्धालुओं का स्वागत शीतल ठंडाई, फल एवं चाकलेट वितरण के साथ किया गया। सुबह 9:30 बजे से शुरू हुआ यह सेवा कार्य शाम 6:30 बजे तक निरंतर जारी रहा। यात्रा में निकलने वाले प्रत्येक पंचकोसी यात्री को आत्मीयता के साथ ठंडाई पिलाकर उनकी थकान मिटाने का प्रयास किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भजन मंडली की प्रस्तुतियां रहीं। कलाकारों द्वारा गाए गए भगवान महाकाल और गोविंद माधव के भजनों ने यात्रियों में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। थकान से चूर श्रद्धालु भी भजनों की धुन पर झूमते नजर आए, जिससे पूरा क्षेत्र धर्ममय हो गया। इस पुनीत कार्य में औदीच्य ब्राह्मण वरिष्ठजन समिति, महिला इकाई, युवा कल्याण औदीच्य ब्राह्मण समिति एवं संस्कार भारती, उज्जैन के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर में सेवा देने वाले कार्यकताओं के लिए समिति द्वारा फरियाल एवं भोजन की विशेष व्यवस्था की गई थी। आयोजन के दौरान समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी समाज द्वारा यात्रियों की सुखद यात्रा हेतु यह प्रयास किया गया है। अंत में ₹जय गोविंद माधव₹ के जयघोष के साथ सफल सेवा कार्य के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया। जानकारी चेतन जोशी द्वारा दी गई।

## संत कंवर राम जयंती पर गूंजे भजन, अगले साल से झूलेलाल उद्यान में लगेगा मेला

### सिंधी कॉलोनी में धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव, सिंधु सेवा समिति ने लिया निर्णय

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल उद्यान में संत कंवर राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष आरती की गई और पूरा आयोजन स्थल संत कंवर राम के भजनों से गूंज उठा।

कार्यक्रम के संयोजक महेश सीतलानी ने बताया कि जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को पेस्ट्री और बिस्किट का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सिंधु सेवा समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया। समिति ने तय किया है कि अगले साल से संत कंवर राम जयंती के अवसर पर



झूलेलाल उद्यान में मेले का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में महेश सीतलानी, रूप पमनानी, मुकेश जेठवानी, दीपक वाधवानी, राजकुमार परसवानी, नरेंद्र सबनानी, धर्मेंद्र लालवानी, राजकुमार धरमदासानी और पंडित दीपक शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## उज्जैन के प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा पं. मातादीन-मूर्तिदेवी शिखर सम्मान से अलंकृत

### साहित्य, शिक्षा और शोध में विशिष्ट योगदान पर हरियाणा में मिला राष्ट्रीय सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष व कुलानुशासक, प्रसिद्ध समालोचक प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा को हरियाणा के नारनौल में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में 'पं. मातादीन-मूर्तिदेवी शिखर सम्मान' से अलंकृत किया गया है। उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान साहित्य, शिक्षा, संस्कृति, समीक्षा और शोध के क्षेत्र में उनके बहुआयामी व विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।

हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिला मुख्यालय नारनौल में मनुमुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित अलंकरण समारोह में प्रो. शर्मा को यह सम्मान नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रदेश के



पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद राजेंद्रसिंह रावल, काठमांडू, सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी बड़ी (राज) के कुलपति व आईएएस डॉ. मनोजकुमार गर्ग, नेपाल भाषा आयोग (काठमांडू) के सदस्य डॉ. पुष्करराज भट्ट और संस्था प्रमुख डॉ. रामनिवास मानव ने सौंपा। अतिथियों द्वारा प्रो. शर्मा को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न, अंगवस्त्र और साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया।

**शोध पत्रिकाओं का हुआ लोकार्पण**

अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र मनुमुक्त भवन में आयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने स्वाधीनता सेनानी एवं समाजसेवी स्व. पंडित मातादीन के अवदान पर प्रकाश डाला। उनके सुपुत्र व चीफ ट्रस्टी डॉ. रामनिवास मानव ने माता-पिता पर केंद्रित दोहे प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अतिथियों ने प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा और डॉ. मोहन बैरागी के संपादन में प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'अक्षरवार्ता' एवं 'कृष्ण बसन्ती' का लोकार्पण भी किया।

# महाप्रभु वल्लभाचार्य के 549वें प्रागट्य महोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

### सुबह प्रभात फेरी, केसर स्नान व फूल बंगला सजे, 21 से अधिक मंचों से हुआ स्वागत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के प्रवर्तक जगद्गुरु अखंड भूमंडलाचार्य महाप्रभु वल्लभाचार्य का 549वां प्रागट्य महोत्सव शहर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गोमतीकुंड (मंगलनाथ रोड) स्थित आचार्य महाप्रभु की बैठक पर यह पांच दिवसीय आयोजन 11 से 15 अप्रैल तक किया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि सोमवार, 13 अप्रैल को सुबह 7 बजे मदनमोहन हवेली से प्रभात फेरी निकाली गई। इसके साथ ही बैठक में केसर स्नान व फूल बंगला राजभोग का आयोजन हुआ।

शाम 6:30 बजे ट्रस्टी विट्ठल नागर के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गोस्वामी 108 दिव्येशकुमार महाराज (इंदौर-नाथद्वारा) के सानिध्य में यह शोभायात्रा मानव भवन (क्षीरसागर) से शुरू होकर कंठाल, तेलीवाड़ा होते हुए निकास चौराहा पहुंची। शोभायात्रा में श्रद्धालु निर्धारित ड्रेस कोड में नजर आए, जिसमें पुरुषों ने कुर्ता-पाजामा और महिलाओं ने केसरिया व पीली साड़ी पहनकर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मार्ग में 21 से अधिक समितियों ने मंच बनाकर शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की। श्रद्धालुओं ने महाराज जी को उपरना पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और वैष्णव जनों को प्रसादी वितरित की। निकास चौराहे से सभी श्रद्धालु अपने-अपने वाहनों से महाप्रभु जी की बैठक पहुंचे। वहां महाराज जी के आशीर्वचन के पश्चात रात 9:30 बजे महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों वैष्णवजनों ने प्रसादी ग्रहण की।

शोभायात्रा में आनंद पुरोहित, जयेश श्रॉफ, विशाल नीमा, वरुण नागर सहित महिला समिति से कृष्णाबेन माहेश्वरी, राधारानी सुगंधी, राजश्री दिसावल, पारुल शाह, हेतल शाह, नुपूर नीमा, मनीषा नागर, कामिनी शाह, वर्तिका नागर, हंसा राजवानी, मंजू राणा, मृदुला नीमा, रेखा भार्गव, नर्मदा सारड़ा, संगीता नागर, मीना पुरोहित, कविता श्रॉफ, कमला माहेश्वरी, मधु गुप्ता, तारा राय, सीमा माहेश्वरी, संतोष माहेश्वरी, मनोरमा माहेश्वरी, सरिता नागर, बेना नीमा, रेखा नीमा, भारती नीमा, संगीता पोरवाल, पूर्णिमा शाह, हर्षा शाह, राजश्री सुगंधी, सोनाली नागर, ममता दिसावल, रूपाली अग्रवाल, सीमा खण्डेलवाल, सुरभि जवेरी, रीचा नीमा, चित्रा नीमा, कविता नीमा, अमृता राणा, रत्ना नीमा, प्रेरणा नागर, माधुरी शाह, डिम्पल दिसावल, गंगा त्रिपाठी, वर्षा सोनी, दीपिका शाह, निर्मला नागौरी, पायल नागर, वीनू नीमा, जमना महाजन, अदिति नीमा, अनिता शाह, उषा खण्डेलवाल, रूपाली दिसावल, दीपा नागर, लता भण्डारी, लक्ष्मी शर्मा, निकिता नीमा, परेशा नीमा, शैफाली पटेल, शुभांगी नीमा, आशा पोरवाल, माधुरी शाह, अंजलि नागर, सारिका नागर, पूजा नागर, पूनम गर्ग, अरुणा शाह, प्रियंका काबरा, आरती खण्डेलवाल, मनीषा राठी, डिम्पल नागर, पल्लवी नागर, मयूरी नीमा, मोनिका नीमा, प्रज्ञा खण्डेलवाल, नम्रता नागर, अनामिका मूंदड़ा, मंजू अग्रवाल, वर्षा राठी, मीनू नीमा, माधुरी नीमा, शीतल नागर, पिंकी नागर, नीलू मित्तल, माधुरी राठी, ज्योति नागर, रूपाली नागर, प्रीती नीमा, अमिता नीमा, आशा शाह, रीता शाह, रीता पटेल, कविता झालानी, रेखा नागर, ममता नागर, दिव्यांशी नागर, खुशबू नीमा, दीपिका नीमा, उन्नति नागर, ममता हिमांशु दिसावल, सीमा दिसावल, आशा राणा, दिव्या नागर, अंजना शर्मा और अदिति साबू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गोस्वामी तिलकायत 108 इन्द्रदमन (राकेश महाराज) के आशीर्वाद और चिरंजीवी भूपेशकुमार (विशाल बावा) व चिरंजीवी लालगोविन्द (अधिराज बावा) की आज्ञानुसार आयोजित इस महोत्सव में मंगलवार, 14 अप्रैल को ढाबा रोड स्थित श्रीनाथ हवेली में फूल बंगला राजभोग होगा। सुबह 9:30 बजे महाप्रभु बैठक में वल्लभाचार्य द्वारा रोपित पीपल के वृक्ष का दुग्धास्नान किया जाएगा।

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा : व्याख्यान एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन

### नौकरी पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है,छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का आयोजन शुरू हुआ जो 25 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। यह आयोजन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं जागरूकता आधारित गतिविधियों के माध्यम से डॉ. कविता जैन के संयोजन में संपन्न हो रहा है।

पखवाड़े के प्रथम चरण के अंतर्गत व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में 13 अप्रैल को ‘उद्यमी महिला’ विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुश्री यशस्विनी ने अपने प्रेरणादायी अनुभव साझा करते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उन्होंने मात्र 17 वर्ष की आयु में मैडम चाय वाली नाम से कैफे प्रारंभ किया और विभिन्न संघर्षों का सामना करते हुए आज अपने व्यवसाय को अनेक शाखाओं तक विस्तार दिया।

कार्यक्रम में निर्मला महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉ. कीर्ति ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि उनकी पुत्री यशस्विनी ने बचपन से एक सपना देखा और किशोरावस्था में ही उसे साकार कर दिखाया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वन्दना गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में केवल नौकरी पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, अतः छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा–

‘सपने वह नहीं होते जो हम सोते समय देखते हैं, बल्कि सपने वह होते हैं जो हमें सोने नहीं देते।’

कार्यक्रम का संचालन डॉ. कविता जैन द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती इंदु बंसल ने किया।

पखवाड़े के द्वितीय चरण (13 से 25 अप्रैल) के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन प्रस्तावित है। 16 अप्रैल को ‘वित्तीय साक्षरता’ विषय पर व्याख्यान एवं संवाद आयोजित होगा। 21 अप्रैल को ‘नारी शक्ति वंदन / शिक्षा से सशक्तिकरण’ विषय पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 22 अप्रैल को कौशल विकास एवं उद्यमिता प्रदर्शनी के अंतर्गत हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी आयोजित होगी, जिसमें छात्राएं अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

इसके अतिरिक्त 23 अप्रैल को पोषण संबंधी सलाह एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा 24 अप्रैल को कानूनी अधिकार एवं साइबर सुरक्षा विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी प्राध्यापकों एवं छात्राओं से इन गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

### अलख धाम नगर में प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, वक्ताओं ने संत के जीवन आदर्शों पर डाला प्रकाश

# अखंड भारत के महान संत कंवर राम की जयंती पर सिंधी समाज ने किया नमन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अखंड भारत सिंध के महान संत कंवर राम की जयंती अलख धाम नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। संत कंवर राम स्मरण समिति एवं सकल सिंधी समाज के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाजजनों ने संत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने महान संत के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों पर व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेश परियानी, इकबाल सिंह गांधी और किशोर खंडेलवाल उपस्थित रहे। आयोजन में विशेष रूप से सुनील नवलानी, अरुण रोचवानी, सुनील खत्री, गोपाल बलवानी, दीपक बेलानी, डॉ. मुकेश जेठवानी, लॉकेश अडवाणी, ललित लुला, राजकुमार परसवानी, किशोर मुलानी, कमल शाहलानी, किशोर बजाज, सुनील माखीजा, अशोक बजाज और रतन काका मौजूद थे। जयंती समारोह में मातृशक्ति की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। इस दौरान रिंकू बेलानी, शोभा शर्मा, वीणा परसवानी, कमला जेठवानी, जया जेठवानी और दीपा खत्री सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग उपस्थित थे।

### 'वर्धमान फिटनेस डे' पर 200 से अधिक युवा जोड़ों ने किया योग और जुंबा

**उज्जैन।** दिगंबर जैन वर्धमान ग्रुप द्वारा सदस्यों के स्वास्थ्य और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए 12 अप्रैल, रविवार को माधव क्लब में 'वर्धमान फिटनेस डे' का आयोजन किया गया। सुबह 7 से 11 बजे तक चले इस कार्यक्रम में 200 से अधिक युवा दंपति और बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान सदस्यों ने विशेष योग, जुंबा और फिटनेस गेम्स का आनंद लिया।

ग्रुप के अध्यक्ष हितेश-तनु बड़जात्या और सचिव राजेश-नमिता लुहाड़िया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रजनेश जैन और डॉ. सुमेका जैन ने दीप प्रज्वलन कर किया। मंगलाचरण ऋषिका-नमन बिलाला एवं लीना-सुनय कासलीवाल ने प्रस्तुत किया।

# भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर निकलेगी बाइक रैली, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यालय और कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

### 60 साल की नौकरी और जीवन निर्वाह वेतन की मांग: 21 अप्रैल को सड़क पर उतरेंगे आउटसोर्स कर्मचारी





उज्जैन। मध्य प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत आउटसोर्स और ठेका कर्मचारी अपने अधिकारों की मांग को लेकर लामबंद हो गए हैं। भारतीय मजदूर संघ के प्रांतीय आह्वान पर 21 अप्रैल (मंगलवार) को उज्जैन में ऊर्जा, नगर निगम, कृषि उपज मंडी, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित सभी विभागों के आउटसोर्स कर्मचारी एकजुट होकर विशाल बाइक रैली निकालेंगे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

विभाग प्रमुख सतीश शर्मा और जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत ने बताया कि दोपहर 1 बजे सभी आउटसोर्स कर्मचारी फ्रीगंज स्थित टावर चौक पर एकत्रित होंगे। यहां से हकों की आवाज बुलंद करते हुए बाइक रैली की शुरूआत होगी। इस विरोध प्रदर्शन में भारतीय मजदूर संघ के ठेका श्रमिक प्रभारी राजन नायर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

ऊर्जा विभाग के प्रदेश सचिव राहुल मालवीय ने बताया कि रैली टावर चौक से शुरू होकर इंदिरा गांधी चौराहा, पुलिस कंट्रोल रूम माधव नगर होते हुए एलआईसी चौराहे पर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचेगी। यहां अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने के पश्चात रैली दशहरा मैदान और कालिदास अकादमी के सामने से गुजरते हुए कोठी पैलेस पहुंचेगी। कोठी पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के साथ ही इस विरोध प्रदर्शन का समापन किया जाएगा।

ये हैं कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में प्रदेश के समस्त विभागों में काम करने वाले आउटसोर्स और ठेका श्रमिकों के लिए निगम, मंडल या आयोग का गठन करना, 60 वर्ष तक की नौकरी की पूर्ण सुरक्षा प्रदान करना, जीवन निर्वाह के योग्य सम्मानजनक वेतन देना, श्रम कानूनों का कठोरता से पालन सुनिश्चित करना और हर महीने की एक निश्चित तारीख पर वेतन का भुगतान करना शामिल है।

भारतीय मजदूर संघ आउटसोर्स कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा दिलाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है, तो अगले चरण में मध्य प्रदेश के समस्त विभागों के लाखों ठेका श्रमिक राजधानी भोपाल पहुंचकर उग्र धरना, प्रदर्शन और रैली करेंगे। इस आंदोलन को सफल बनाने और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जिला महामंत्री किशन सिंह शेखावत के नेतृत्व में संघ कार्यालय पर सभी आउटसोर्स कर्मचारी संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने एकजुटता के साथ अपने हक की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया।

## खबर एक नजर...

### एमपीएमआरए की 40वीं द्विवार्षिक आमसभा में विकास चौबे बने अध्यक्ष

**उज्जैन।** छतरपुर में एमपीएमआरए की 40वीं द्विवार्षिक आमसभा संपन्न हुई। अधिवेशन में आगामी दो वर्षों के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें उज्जैन के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। चुनाव में छतरपुर के विकास चौबे को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया, जबकि उज्जैन के निशिकांत पंड्या महासचिव और उज्जैन के ही देवनारायण पाटीदार कोषाध्यक्ष चुने गए। आमसभा के दौरान संगठन के सदस्यों ने सरकार से चार लेबर कोड को रद्द करने और त्रिपक्षीय वार्ता को पुनः प्रारंभ करने की प्रमुख मांग रखी। इस महत्वपूर्ण द्विवार्षिक सम्मेलन में उज्जैन से 25 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अरविंद पटेरिया उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में संगठन को यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया। सम्मेलन में डॉ. मुकुल साहू, डॉ. सुलेखा खरे और मोनू यादव ने भी विशेष रूप से शिरकत की। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी परवेज गौरी ने दी।

### साइकिल चालक दल ने एक ही रात में पूरी की 118 किलोमीटर की पंचक्रोशी यात्रा

**उज्जैन।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की उज्जैन इकाई के साइकिल चालक दल ने एक ही रात में 118 किलोमीटर लंबी और कठिन पंचक्रोशी यात्रा पूरी कर एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस दौरान साइकिल सवारों ने आमजन को पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। यूथ हॉस्टल के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया कि साइकिल चालक दल रात 8:30 बजे फ्रीगंज स्थित टॉवर से पंचक्रोशी यात्रा मार्ग के लिए रवाना हुआ था। रातभर लगातार साइकिल चलाते हुए अगले दिन सुबह 8:30 बजे पुनः टॉवर पर ही इस यात्रा का समापन हुआ। यात्रा का कुशल संचालन प्रदीप पिंगले ने किया। इस चुनौतीपूर्ण यात्रा में युवाओं के साथ-साथ कई वरिष्ठजनों ने भी पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यात्रा का मार्गदर्शन गोपाल महाकाल, दिलीप सिंह चौहान, प्रदीप पिंगले और नीता कुकडे द्वारा किया गया।

### बाबा साहब डॉ. अंबेडकर और सफदर हाशमी की स्मृति में पक्षियों के लिए बांटे गए जल पात्र

**उज्जैन।** भीषण गर्मी को देखते हुए सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए जल पात्र बांटे गए। यह पुनीत कार्य संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और क्रांतिकारी रंगकर्मी सफदर हाशमी की स्मृति में किया गया। संस्था के अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बेजुबान पक्षियों के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया है।

## खबर एक नजर...

### आज होगा अंबेडकर जयंती कार्यक्रम

मन्दसौर। भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आज 14 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। विभाग के जिला संयोजक ने बताया कि इस गरिमामय आयोजन में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालना है। इस दौरान उपस्थित नागरिकों को संविधान के मूल आदर्शों जैसे समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया जाएगा। विभिन्न वक्ताओं द्वारा उनके जीवन दर्शन पर विचार व्यक्त किए जाएंगे ताकि उनके संदेश को जन-जन तक पहुँचाया जा सके।

### सम्राट दीक्षित भाजपा में शामिल

नीमच। जिले के रामपुरा क्षेत्र के बड़े कांग्रेस नेता ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लियाद्य यह इस की राजनीति में बडा बुलेट पर माना जा रहा है जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सम्राट दीक्षित ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष और पार्षद प्रतिनिधि रहे दीक्षित ने भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर यह कदम उठाया। भाजपा कार्यालय में जिला प्रभारी सुभाष पटेल, जिलाध्यक्ष बंदना खंडेलवाल व विधायक माधव मारू की मौजूदगी में श्री दीक्षित ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, इस कदम से जान के भाजपा संगठन को मजबूती मिलने की संभावना है। यह रामपुर क्षेत्र की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम है जिसका असर जिले की राजनीति पर भी पड़ेगा।

### जिले में नलकूप खनन पर 31 तक प्रतिबंध

मन्दसौर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अदिती गर्ग द्वारा म.प्र. पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 (संशोधित अधिनियम 2002) की धारा 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के संपूर्ण क्षेत्र में अशासकीय एवं निजी नलकूप खनन पर 13 अप्रैल से 31 जुलाई 2026 तक पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश के तहत मंदसौर जिले में कोई भी व्यक्ति बिना विधिवत अनुमति (अनुज्ञा) के नलकूप खनन नहीं कर सकेगा। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध अधिनियम की धारा 3 एवं 4 के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति को दो हजार रु. तक का जुमार्ना, दो वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों दंड से दंडित किया जा सकेगा। हालांकि, शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप उत्खनन कार्य इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। ऐसे कार्यों के लिए पृथक अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

**दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन में उज्जैन का सम्यक ग्रुप बना सर्वश्रेष्ठ**

# 30वें अधिवेशन में देशभर से जुटे एक हजार प्रतिनिधि; उज्जैन रीजन की व्यवस्थाओं की हुई राष्ट्रीय स्तर पर सराहना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राजस्थान के खानपुर स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चंद्रोदय चांदखेड़ी में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का 30वां राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार, 12 अप्रैल को भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामयी आयोजन में देशभर से आए लगभग एक हजार पदाधिकारियों, ग्रुप अध्यक्षों, सचिवों और कोषाध्यक्षों ने हिस्सा लिया। अधिवेशन आयोजक के रूप में उज्जैन रीजन ने अनुशासन और सेवा भावना की उत्कृष्ट मिसाल पेश की, वहीं उज्जैन के सम्यक ग्रुप ने सर्वश्रेष्ठ सहयोगी ग्रुप सहित कई राष्ट्रीय अवार्ड अपने नाम कर शहर का गौरव बढ़ाया है।



अधिवेशन का मुख्य आकर्षण अवार्ड वितरण समारोह रहा, जिसका शानदार संचालन उज्जैन के अभिषेक और प्रियंका विनायका ने किया। समारोह में उज्जैन के सम्यक ग्रुप की अध्यक्षा मयूरी पाटनी को सर्वश्रेष्ठ महिला अध्यक्ष और पलाश लुहाड़िया को श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष के सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही सम्यक ग्रुप उज्जैन को फेडरेशन का सर्वश्रेष्ठ सहयोगी ग्रुप घोषित किया गया। सम्यक ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य एवं फेडरेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्लैटिनम ऑफ द ईयर सम्मान से अलंकृत किया गया। इन उपलब्धियों से पूरे उज्जैन रीजन और सम्यक परिवार में हर्ष का माहौल है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान 1008 श्री आदिनाथ के अभिषेक एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन ह्यआदित्यह्न एवं विशिष्ट अतिथि चांदखेड़ी तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष हुकुमचंद जैन ह्यकाकाह्न के सानिध्य में जैन ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उज्जैन के सम्यक ग्रुप की महिलाओं ने आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर सांस्कृतिक छटा बिखेरी। अधिवेशन में देशभर के 15 रीजन ने अपने सम्बद्ध ग्रुपों के साथ एकता और अनुशासन का परिचय देते हुए बैनर प्रेजेंटेशन किया।

### जल संरचनाओं पर किए गए अतिक्रमणों का चिन्हांकन कर हटाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह समयावधि पत्रों की समीक्षा कलेक्टर कार्यालय सभागृह में की। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान 2-26 अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर किए जा रहे कार्यों की जानकारी पोर्टल पर अपडेट करने और किए जा रहे कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रों को जल संवर्धन के लिए जागरूक करने के लिए निबंध प्रतियोगिता,सांस्कृतिक कार्यक्रमो, वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व अधिकारियों को जल संरचनाओं पर किए गए अतिक्रमणों का चिन्हांकन कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए और भविष्य में अतिक्रमण से बचाने का स्थाई हल सुनिश्चित करें। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रत्येक विभाग पौधारोपण की कार्ययोजना बनाकर शिप्रा के तटों पर पौधारोपण करें,जनजागरुकता के कार्यक्रम आयोजित करे।

# फिरोजिया ट्रॉफी- सांसद अनिल फिरोजिया ने किया शुभारंभ

## बालिकाओं के बीच हुआ पहला मैच





### 12 से 19 अप्रैल तक क्षीरसागर मैदान में होंगे रोमांचक मुकाबले, दर्शकों के लिए भी लकी ड्रॉ और नकद इनाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'फिरोजिया ट्रॉफी 2026' का भव्य शुभारंभ बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। क्षीरसागर मैदान पर 12 से 19 अप्रैल तक चलने वाले इस क्रिकेट टूनामेंट के उद्घाटन अवसर पर उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया और प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव मौजूद रहे। टूनामेंट के मुकाबले प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 1 बजे तक खेले जाएंगे।

शुभारंभ अवसर पर पहला मुकाबला बालिकाओं के बीच खेला गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। इसके पश्चात दूसरा मैच प्रेस क्लब और वकीलों की टीम के बीच खेला गया, जिसमें वकीलों की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। अतिथियों ने मैदान पर उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस प्रतिष्ठित टूनामेंट में विजेता टीम को 5 लाख 51 हजार रुपये और उपविजेता को 2 लाख 51 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पूरे टूनामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर 'मैन ऑफ द सीरीज' का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी को मोटरसाइकिल प्रदान की जाएगी। मैदान में मैच देखने आने वाले खेल प्रेमियों के लिए भी विशेष आकर्षण रखे गए हैं। मैच के दौरान दर्शक दीर्घा में कैच पकड़ने वाले को 1000 रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा फाइनल के दिन, पूरे टूनामेंट में उपस्थित रहने वाले दर्शकों में से लकी ड्रॉ निकाला जाएगा, जिसमें तीन भाग्यशाली दर्शकों को बंपर इनाम दिए जाएंगे। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

# 60 साल की नौकरी और जीवन निर्वाह वेतन की मांग

## भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर निकलेगी बाइक रैली, सीएम कार्यालय और कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत आउटसोर्स और ठेका कर्मचारी अपने अधिकारों की मांग को लेकर लामबंद हो गए हैं। भारतीय मजदूर संघ के प्रांतीय आह्वान पर 21 अप्रैल (मंगलवार) को उज्जैन में ऊर्जा, नगर निगम, कृषि उपज मंडी, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित सभी विभागों के आउटसोर्स कर्मचारी एकजुट होकर विशाल बाइक रैली निकालेंगे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

विभाग प्रमुख सतीश शर्मा और जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत ने बताया कि दोपहर 1 बजे सभी आउटसोर्स कर्मचारी फ्रीगंज स्थित टावर चौक पर एकत्रित होंगे। यहां से हकों की आवाज बुलंद करते हुए बाइक रैली की शुरूआत होगी। इस विरोध प्रदर्शन में भारतीय मजदूर संघ के ठेका श्रमिक प्रभारी राजन नायर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

ऊर्जा विभाग के प्रदेश सचिव राहुल मालवीय ने बताया कि रैली टावर चौक से शुरू होकर इंदिरा गांधी चौराहा, पुलिस कंट्रोल रूम माधव नगर होते हुए एलआईसी चौराहे पर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचेगी। यहां अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने के पश्चात रैली दशहरा मैदान और कालिदास अकादमी के सामने से गुजरते हुए कोठी पैलेस पहुंचेगी। कोठी पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के साथ ही इस विरोध प्रदर्शन का समापन किया जाएगा।

### ये हैं कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में प्रदेश के समस्त विभागों में काम करने वाले आउटसोर्स और ठेका श्रमिकों के लिए निगम, मंडल या आयोग का गठन करना, 60 वर्ष तक की नौकरी की पूर्ण सुरक्षा प्रदान करना, जीवन निर्वाह के योग्य सम्मानजनक वेतन देना, श्रम कानूनों का कठोरता से पालन सुनिश्चित करना और हर महीने की एक निश्चित तारीख पर वेतन का भुगतान करना शामिल है।

### मांगें नहीं मानी तो भोपाल में होगा जंगी प्रदर्शन

भारतीय मजदूर संघ आउटसोर्स कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा दिलाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है, तो अगले चरण में मध्य प्रदेश के समस्त विभागों के लाखों ठेका श्रमिक राजधानी भोपाल पहुंचकर उग्र धरना, प्रदर्शन और रैली करेंगे। इस आंदोलन को सफल बनाने और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जिला महामंत्री किशन सिंह शेखावत के नेतृत्व में संघ कार्यालय पर सभी आउटसोर्स कर्मचारी संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने एकजुटता के साथ अपने हक की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया।

# अलीराजपुर की सोण्डवा पुलिस का बड़ा खुलासा - लूट की झूठी कहानी रचकर पुलिस को गुमराह करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अलीराजपुर

पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया के निर्देशन में सोण्डवा पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित करते हुए थाना सोंडवा क्षेत्र के अंतर्गत घटित कथित लूट की सनसनीखेज घटना का पदार्फाश किया है। पुलिस की सूक्ष्म विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि फरियादी और उसके ड्राइवर ने मिलकर स्वयं की ही गाड़ी से माल चोरी करने और पुलिस को गुमराह करने के लिए लूट का झूठा षड्यंत्र रचा था।

घटना का संक्षिप्त विवरण और दर्ज शिकायतः दिनांक 26 मार्च को फरियादी इकबाल शाह पिता रईश शाह (निवासी देवास) ने थाना सोंडवा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने साथी ड्राइवर रवि पिता रतनलाल (निवासी उज्जैन) के साथ वाहन में भोपाल से वापी (गुजरात) के लिए राजश्री/कमला पसंद पान मसाला लेकर जा रहे थे। फरियादी के अनुसार, लोढनी घाटी के पास बदमाशों ने चाकू की नोक पर मारपीट कर उनसे 20 हजार रुपये नगद, दो मोबाइल और कीमती पान मसाले के कार्टून लूट लिए। घटना को वास्तविक दिखाने के लिए ड्राइवर रवि जिला अस्पताल में भर्ती हो गया और इकबाल ने जंगल में बेहोश होने का नाटक किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आलीराजपुर श्री अश्विनी कुमार के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। विवेचना के दौरान पुलिस को फरियादी और ड्राइवर के बयानों में काफी विरोधाभास नजर आया। जब साइबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्यों का मिलान किया गया, तो संदिग्धों की उपस्थिति घटनास्थल पर संदिग्ध पाई गई।

पुलिस द्वारा की गई मनोवैज्ञानिक पूछताछ में आरोपी ड्राइवर रवि टूट गया और उसने बताया कि उस पर पुराने कोर्ट केस चल रहे थे, जिसके कारण उसे रुपयों की सख्त जरूरत थी। आरोपी रवि के विरूद्ध जिला उजैन के थानों में पूर्व से ही बलात्कार एवं टॉयर चोरी के अपराध दर्ज है। इसी कारण उसने इकबाल और उज्जैन के अपने अन्य साथियों–समीर पटेल, शाहरुख और हर्षु–के साथ मिलकर लूट की यह झूठी योजना बनाई थी। योजना के मुताबिक, उनके साथी अर्टिगा वाहनसे आए। उन्होंने चलती गाड़ी से माल के 6 बॉक्स, नगदी और मोबाइल लिए ताकि इसे वास्तविक लूट दिखाया जा सके। पुलिस को गुमराह करने के लिए ड्राइवर ने हाथ फ्रैक्चर होने का बहाना कर अस्पताल में शरण ली। पुलिस टीम की सराहनीय भूमिकाः उक्त षड्यंत्र पूर्वक रचि गई लूट की घटना का पदार्फाश करने में थाना प्रभारी निरीक्षक राजाराम बडोले, चौकी प्रभारी उनि सचिन डावर, सउनि बाबूलाल गहलोत, उनि राहुल चौहान, प्रआर. कैलाश (181), आर. विक्रम कनासिया (240) और साइबर सेल से आर. प्रमोद (105) की महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका रही।

## तहसील कार्यालय भवन के समीप दस्तावेज लेखन की दुकानों में लगी आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मनावर

धार जिले के मनावर स्थित पुराने तहसील कार्यालय में सोमवार सुबह करीब 4.30 बजे आग लग गई इस घटना में 6 दुकानें जलकर खाक हो गई जिसमें लगभग 30 से 35 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है

इस दुकानों में प्रभावित होने वाली दुकान से स्टांप विक्रेताओ कि थी जलने वाली दुकान गणपत चौहान, शाहनवाज खान ,रईस खान एडवोकेट ,जगदीश ठाकुर, मोहसिन खान और मुकेश मंडलोई की दुकानें शामिल है

यह घटना में सुबह 7 बजे भी घटनास्थल से धुआं उठता देखा जा रहा था गणेश चौहान ने बताया कि आग लगने से दुकान में रखे कंप्यूटर ,लैपटॉप, प्रिंटर, इनवर्टर बैटरी ,स्टेबलाइजर, स्टाम मशीन, फोटो कापी मशीन ,राजस्व टिकट ,कीबोर्ड स्टांप ,कई लोगों की रजिस्ट्रीयां और फर्नीचर सहित अन्य कीमतें सामान जलकर राख हो गया। जगदीश ठाकुर ने बताया कि मेरी दुकान पर 3 कम्प्यूटर, 5 पेंटर , 2 फोटो कापी मशीन, पावतीया,व कई लोगों कि रजिस्ट्रीय ओर राजस्व टिकिट, फर्नीचर जल कर राख हो गए । करीब मेरा 10 लाख का नुकसान हुआ

आग लगने का प्रारंभ कारण अज्ञात है मनावर नगर पालिका के फायर विगेट की मदद से करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया गया

आग में सबसे बड़ा नुकसान 15 साल पुराने महत्वपूर्ण दस्तावेज और सरकारी डाटा का हुआ है जो पूरी तरह नष्ट हो गया इसमें कई लोगों ने सरकारी रिकॉर्ड लेनदेन संबंधित दस्तावेज और महत्वपूर्ण फाइलें जल गई जिसमें वेंडरो और दुकानदारों की आजीविकाओं पर संकट खड़ा हो गया है

## नेपानगर में हर्षोल्लास से मनाई गई महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 199वीं जयंती

### नगर के मुख्य मार्ग पर प्रतिमा स्थापित करने का लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर

महात्मा ज्योतिबा फुले युवा माली संगठन नेपानगर के तत्वावधान में 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 199वीं जयंती संत शिरोमणी सावता महाराज मंदिर परिसर में हर्षोल्लास और सामाजिक एकता के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर बुरहानपुर जिले के समस्त माली समाज के अध्यक्ष एवं नेपानगर के सभी समाजों के अध्यक्षों को विशेष रूप से आमंत्रित कर शाल, श्रीफल और पुष्पमाला से स्वागत किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में जलगांव निवासी राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रभाकर देवराम महाजन उपस्थित रहे। उन्होंने महात्मा फुले के क्रांतिकारी विचारों, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और महिला उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाजन ने कहा कि फुले के सिद्धांत आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को सम्मान पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा।

मुख्य मार्ग पर प्रतिमा लगाने का संकल्पः महात्मा ज्योतिबा फुले युवा माली संगठन नेपानगर द्वारा महात्मा फुले की जयंती के अवसर पर नगर के मुख्य मार्ग पर उनकी प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लिया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्रतिमा भावी पीढ़ियों को महात्मा फुले के योगदान की याद दिलाएगी और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगी।

## उमिया कन्या शिक्षा महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन द्वारा बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें उमिया कन्या शिक्षा महाविद्यालय, मंडलेश्वर ने निमाड़ क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का उत्कृष्ट परिचय दिया।

महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं, जो संस्था के उच्च स्तरीय शिक्षण एवं अनुशासन का प्रमाण है। महाविद्यालय से प्रथम स्थान कामाक्षी सेन ने 78.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया। द्वितीय स्थान रोशनी राजपूत ने 77 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वहीं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से नम्रता बिरले एवं प्रिया यादव ने 74.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया।अन्य उल्लेखनीय छात्राओं में कुमकुम पाटीदार 74.3 प्रतिशत, जागृति शर्मा 73 प्रतिशत, रानी सिंगोरिया 71.8 प्रतिशत, तमन्ना 71.8 प्रतिशत, निशा वर्मा 71.8 प्रतिशत, निहारिका जोशी 70.8 प्रतिशत, मोनिका 70.3 प्रतिशत, वैशाली मंडलोई, मन शिखा 70.3 प्रतिशत, शिवानी यादव 70 प्रतिशत एवं प्रांजल शामिल हैं, जिन्होंने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अभूतपूर्व सफलता पर संस्था अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार, उपाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा, ज्योति पाटीदार, गुलाबचंद पाटीदार, महेश पाटीदार, कोषाध्यक्ष सुभाष पाटीदार, सचिव बाबूलाल पाटीदार, प्राचार्य डॉ. ब्रह्मप्रकाश शर्मा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिवेंद्र शर्मा, प्रो. मीनू कुशवाह, सोनालिका चौहान, गजेन्द्र अहिरवार, अजय पटेल, दीपक चौहान, विधि पाटीदार सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय महाविद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन एवं प्रभावी शिक्षण-प्रशिक्षण प्रक्रिया को दिया, जो निमाड़ क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श उदाहरण बनकर उभरा है।

### आशादेवी मेहता का निधन, पंडित पंकज मेहता (गुरुजी) को मातृ शोक

**मंडलेश्वर।** पंडित पंकज मेहता (गुरुजी) की पूज्य माताजी श्रीमती आशादेवी मेहता का सोमवार को ९१ वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके देवलोक गमन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई।स्व. आशादेवी मेहता का अंतिम संस्कार मंडलेश्वर स्थित नर्मदा तट मुक्तिधाम पर संपन्न हुआ, जहां पुत्र पंडित पंकज मेहता ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।अंतिम यात्रा में मनोज शर्मा, नितिन पाटीदार, विश्वदीप मोयदे, अनिरुद्ध हलवे, डॉ. अमित पाटीदार, डॉ. अखिलेश बर्वे, रितेश शर्मा, गणेश मामा पाटीदार, दीपक पाटीदार, प्रदीप जिराती, पंडित अमित कानूनगो, पंडित अशोक वैद्य, अर्जुन सिंह पटेल, केदार शुक्ला, पंडित सुनील जी सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को मिला ऐतिहासिक सम्मान, भाजपा ने किया संकल्प साकारः सांसद पाटील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए ऐतिहासिक कदम 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर सोमवार को बुरहानपुर में उत्साह का माहौल रहा। संसद के 16-18 अप्रैल के विशेष सत्र में प्रस्तुत होने वाले इस विधेयक पर प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित महिला सम्मेलन से राष्ट्र को लाइव संबोधित किया।

इस अवसर पर बुरहानपुर के परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और मातृशक्ति ने प्रधानमंत्री का उद्बोधन एक साथ देखा-सुना। कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज माने, विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयश्री ज्ञानेश्वर पाटील, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती किरण रायकवार समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा, ₹नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनका हक, सम्मान और निर्णय लेने की भागीदारी दिलाने वाला क्रांतिकारी कदम है। वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण पहल को साकार करने का कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किया है।₹

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश में एक नया युग प्रारंभ हुआ है, जिसमें महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और नीति निर्धारण में सक्रिय भागीदार बन रही हैं। भाजपा की योजनाओं का किया जिक्र सांसद पाटील ने कहा कि भाजपा ने सदैव महिलाओं के उत्थान को प्राथमिकता दी है। उज्ज्वला योजना, मातृत्व सुरक्षा और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए हर क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने का निरंतर प्रयास किया गया है।सांसद ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक अधिनियम की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं और समाज में जागरूकता फैलाएं, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह, गर्व और ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला।

## समस्त सीडीपीओ आंगनवाड़ियों में मंगल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें- कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार समीक्षा की और सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण कर जिले को ए ग्रेड रैंकिंग में लाया जाए।

उन्होंने समस्त अधिकारियों को संकल्प से समाधान अभियान के तहत अस्वीकृत प्रकरणों के कारण सहित जानकारी कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि छात्रावासों के हर माह नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा पिछली कमियों का अगली निरीक्षण में सुधार किया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो।

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संबंधित विभागों को अभियान को गंभीरता से लागू करने के निर्देश दिए। सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को भेजें।



# थलापति विजय की 'जन नायकन' लीक करने पर 6 गिरफ्तार


## 300 से ज्यादा पाइरेटेड लिंक हटाए गए, क्लाउड स्टोरेज के जरिए बांटी गई थी फिल्म

थलापति विजय की फिल्म जन नायकन के इंटरनेट पर लीक होने के मामले में तमिलनाडु साइबर क्राइम विंग ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर फिल्म के क्लिप्स और मूवी को ऑनलाइन लीक करने का आरोप है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इन लोगों ने क्लाउड स्टोरेज और शेयर्ड ड्राइव लिंक के जरिए फिल्म को सोशल मीडिया पर फैलाया था। 300 से ज्यादा पाइरेटेड लिंक हटाए गए साइबर क्राइम विंग ने फिल्म की पायरेसी को रोकने के लिए स्पेशल टीमें बनाई थीं। इन टीमों ने अब तक इंटरनेट से 300 से ज्यादा अवैध लिंक ट्रैक करके उन्हें हटा दिया है। पुलिस गिरफ्तार किए गए लोगों के फोन और अन्य डिजिटल सबूतों की जांच कर रही है। अथॉरिटीज अभी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, वेबसाइट्स और फाइल-शेयरिंग ऐप्स पर नजर रखे हुए हैं ताकि फिल्म को और ज्यादा लीक होने से बचाया जा सके।

आरोपियों ने क्लाउड स्टोरेज का किया इस्तेमाल इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, आईटी एक्ट, कॉपीराइट एक्ट और सिनेमैटोग्राफ एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों ने फिल्म को शेयर करने के लिए क्लाउड स्टोरेज डिजिटल तकनीक का सहारा लिया था ताकि वे पकड़ में न आ सकें। फिलहाल सभी 6 आरोपी न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए हैं। प्रोडक्शन हाउस ने दी चेतावनी फिल्म के मेकर्स 'केवीएन प्रोडक्शंस' ने एक आधिकारिक बयान जारी कर लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध लिंक को शेयर न करें। उन्होंने कहा, हम 'जन नायकन' के एक्सक्लूसिव कॉपीराइट मालिक हैं। हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ लोगों ने गैरकानूनी तरीके से फिल्म के सीन और क्लिप्स को कॉपी करके सकुर्लेट किया है, जो डिजिटल पायरेसी का गंभीर मामला है। क्या है फिल्म का बैकग्राउंड एच. विनोद के निर्देशन में बनी फिल्म जन नायकन एक बड़े बजट की एक्शन फिल्म है।

# हंसिका मोटवानी ने एक्स भाभी पर ठोका 2 करोड़ का मानहानि केस



बॉलीवुड और साउथ फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री हंसिका मोटवानी एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी कोई फिल्म नहीं बल्कि पारिवारिक विवाद है। हंसिका ने मुंबई की दिंडोशी सत्र अदालत में अपनी एक्स भाभी मुस्कान नेंसी जेम्स के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है और 2 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की है।

अभिनेत्री ने अपने वकील अदनान शेख के माध्यम से दायर याचिका में आरोप लगाया है कि मुस्कान नैन्सी जेम्स ने उनके खिलाफ झूठे और अपमानजनक आरोप लगाए हैं, जिससे उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। हंसिका ने अदालत से यह भी अनुरोध किया है कि जेम्स को भविष्य में उनके खिलाफ किसी भी प्रकार के बयान देने से रोका जाए और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई जाए।

**घरेलू हिंसा के आरोपों को बताया झूठा**

मोटवानी ने अपने आरोपों में यह भी कहा है कि उनकी एक्स भाभी ने 27 लाख रुपये का कर्ज लिया था, जिसे अब तक वापस नहीं किया गया है। अभिनेत्री का दावा है कि इस रकम को चुकाने से बचने के लिए जेम्स ने उन पर घरेलू हिंसा जैसे गंभीर आरोप लगाए। याचिका में जेम्स पर फर्जी लाइफस्टाइल दिखाने और सच्चाई छिपाने के भी आरोप लगाए गए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले मुस्कान नैन्सी जेम्स ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए हंसिका मोटवानी और उनके भाई प्रशांत मोटवानी पर मारपीट और शोषण के आरोप लगाए थे। उन्होंने अपनी एफआईआर में घरेलू हिंसा और वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप जैसे गंभीर आरोपों का जिक्र किया था। हालांकि, हंसिका ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।





जानकारी के मुताबिक, मुस्कान नैन्सी जेम्स और हंसिका के भाई प्रशांत मोटवानी की शादी साल 2020 में हुई थी, लेकिन 2022 से दोनों अलग रह रहे हैं। अब यह मामला कानूनी मोड़ ले चुका है और इसकी सुनवाई जल्द ही दिंडोशी सत्र न्यायालय में होने की संभावना है।

इसी बीच, हंसिका मोटवानी की निजी जिंदगी भी चर्चा में रही है। उन्होंने दिसंबर 2022 में जयपुर के मुंडोता किले में सोहेल कथूरिया से शादी की थी, लेकिन बाद में दोनों के रिश्ते में दरार की खबरें सामने आईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2025 में दोनों ने आपसी सहमति से तलाक ले लिया।

अब यह मामला न सिर्फ पारिवारिक विवाद तक सीमित है, बल्कि कानूनी लड़ाई का रूप ले चुका है। आने वाले दिनों में अदालत की कार्यवाही से यह साफ होगा कि इन आरोप-प्रत्यारोप में सच्चाई क्या है। फिलहाल, यह विवाद फिल्म इंडस्ट्री और दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।



# पंचतत्व में विलीन हुईं आशा भोसले

## अंतिम संस्कार में बॉलीवुड सिंगर्स ने अभी ना जाओ छोड़कर गाया, कवरेज पर पाकिस्तानी चैनल को सरकार का नोटिस

सिंगर आशा भोसले का राजकीय सम्मान के साथ शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। उन्हें महाराष्ट्र पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बॉलीवुड सिंगर्स ने उनका गाना अभी ना जाओ छोड़कर गाकर विदाई दी। सोमवार सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके मुंबई स्थित निवास कासा ग्रांडे में रखा गया था। उन्हें तिरंगे में लपेटकर सलामी भी दी गई।

इधर, पाकिस्तान के जीओ न्यूज को आशा के निधन से जुड़ी खबरों का कवरेज करने पर पाकिस्तान सरकार ने नोटिस भेजा है। वहां की मीडिया रेगुलेटर संस्था पेमरा (पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी) का कहना है कि चैनल ने जो कंटेंट दिखाया, वह नियमों के खिलाफ हो सकता है।

आशा का रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया था। वे 92 साल की थीं। आशा भोसले ने 82 साल के सिंगिंग करियर में 9 फिल्मफेयर समेत 100 से अधिक अवॉर्ड जीते। उन्हें देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। शिवाजी पार्क श्मशान घाट में अंतिम संस्कार से पहले सोमवार सुबह आशा भोसले के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए मुंबई स्थित उनके निवास कासा ग्रांडे में रखा गया। सचिन तेंदुलकर, रणवीर सिंह, जैकी श्रॉफ, रितेश देशमुख सहित कई सेलेब्स अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे।

**आशा भोसले से जुड़ा कंटेंट दिखाने पर पाकिस्तानी न्यूज चैनल को नोटिस-** पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी ने आशा भोसले के निधन से जुड़ा कंटेंट दिखाने के लिए जियो न्यूज को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जियो न्यूज के मैनेजिंग डायरेक्टर और एसोसिएशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एडिटर्स एंड न्यूज डायरेक्टर्स के प्रेसिडेंट अजहर अब्बास ने पर यह जानकारी शेयर की। उन्होंने लिखा, आइकॉनिक आर्टिस्ट के बारे में रिपोर्ट करते समय उनके काम को दोबारा देखना और सेलिब्रेट करना हमेशा से रिवाज रहा है। असल में, आशा भोसले जैसे बड़े आर्टिस्ट के लिए, हमें उनके टाइमलेस और यादगार गानों को और भी ज्यादा शेयर करना चाहिए था, जितना हमने किया। फिर भी, पाकिस्तान के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटर, पेमरा ने इस पर रोक लगाने का फैसला किया है।

# अनिल कपूर का शो '24' हॉटस्टार पर लौटेगा

**एक्टर ने प्लेटफॉर्म को दी 24 घंटे की चेतावनी 24 अप्रैल से स्ट्रीम होंगे दोनों सीजन**

बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर का पॉपुलर एक्शन थ्रिलर शो '24' एक बार फिर दर्शकों के बीच लौटने वाला है। इस बार यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जाएगा।

शो की वापसी की खबर के बीच अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर प्लेटफॉर्म को एक अनोखी चेतावनी दी है, जिसने फैंस के बीच सस्पेंस बढ़ा दिया है। शो के दोनों सीजन 24 अप्रैल से स्ट्रीम किए जाएंगे।

**अनिल कपूर की 'चेतावनी' से बढ़ा सस्पेंस-** अनिल कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की है। उन्होंने जियो हॉटस्टार को टैग करते हुए लिखा- जियो हॉटस्टार, तुम्हारे पास 24 घंटे हैं। इसके साथ ही कैप्शन में उन्होंने जोड़ा- वरना मैं मामला अपने हाथ में ले लूंगा।

हालांकि अनिल ने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा, लेकिन माना जा रहा है कि यह शो के प्रमोशन का हिस्सा है। इस पोस्ट के बाद फैंस कयास लगा रहे हैं कि क्या शो का तीसरा सीजन भी आने वाला है।





**24 अप्रैल से शुरू होगी स्ट्रीमिंग-** जियो हॉटस्टार पर यह हाई-ऑक्टेन थ्रिलर सीरीज 24 अप्रैल से उपलब्ध होगी। प्लेटफॉर्म ने फैसला किया है कि दर्शकों के लिए हर शुक्रवार को शो के 8 एपिसोड ड्रॉप किए जाएंगे। इस शो को भारत में लॉन्ग-फॉर्मेट स्टोरीटेलिंग के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव माना जाता है।

**एक्टर बोले- मेरे दिल के बहुत करीब है यह प्रोजेक्ट-** शो की वापसी पर अपनी बात रखते हुए अनिल कपूर ने कहा, मैंने सालों में कई इंटेंस और एक्शन रोल किए हैं, लेकिन '24' मेरे लिए कभी सिर्फ एक शो नहीं था। यह एक अलग ही एड्रेनालिन रश था। इसके रियल-टाइम फॉर्मेट ने मुझे एक एक्टर के तौर पर काफी चैलेंज किया। मैं एक्साइटेड हूं कि अब जियो हॉटस्टार के जरिए दर्शक इस रोमांच को एक बार फिर से महसूस कर पाएंगे।

**अमेरिकी सीरीज का ऑफिशियल रीमेक है '24'-** बता दें कि यह शो इसी नाम की मशहूर अमेरिकी सीरीज का इंडियन अडैप्टेशन है। इसमें अनिल कपूर ने एंटी-टेररिस्ट यूनिट के एजेंट जय सिंह राठौड़ का मुख्य किरदार निभाया है। शो की सबसे बड़ी खासियत इसका 'रियल-टाइम' फॉर्मेट है, जिसमें 24 एपिसोड के जरिए 24 घंटों की कहानी दिखाई जाती है। भारत में इसके अब तक दो सीजन आ चुके हैं।

### प्रफुल आईपीएल डेब्यू ओवर में 3 विकेट वाले पहले बॉलर

# वैभव शून्य पर आउट, संदीप-जुरेल टकराए

ब्रह्मास्त्र ›› हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 57 रन से हराया। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में रोचक मोमेंट्स और रिकॉर्ड्स देखने को मिले।

आईपीएल डेब्यू में प्रफुल्ल हिंगे ने पहले ओवर में 3 विकेट लिए। वे ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज बने। वैभव सूर्यवंशी बिना खाता खोले आउट हुए। ईशान किशन के कैच के दौरान संदीप शर्मा और ध्रुव जुरेल टकरा गए।



**अभिषेक एक साल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट–** अभिषेक शर्मा एक साल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाज बने। वे इस साल 18 पारियों में 7 बार बिना खाता खोले लौटे। उन्होंने रोहित शर्मा (2018) और संजू सैमसन (2024) को पीछे छोड़ा, जो 32-32 पारियों में 6-6 बार शून्य पर आउट हुए थे।

**साकिब का आईपीएल डेब्यू में बेस्ट बॉलिंग फिगर–** साकिब हुसैन आईपीएल डेब्यू में बेस्ट बॉलिंग परफॉर्मेंस वाले प्लेयर बने। उन्होंने 24 रन देकर 4 विकेट लिए। साकिब ने अश्विनी कुमार का रिकॉर्ड तोड़ा। अश्विनी ने 2025 में केकेआर के खिलाफ 26 रन देकर 4 विकेट लिए थे। तीसरे नंबर पर प्रफुल हिंगे हैं। उन्होंने आज 34 रन देकर 4 विकेट लिए।

**आर्चर को लगातार दूसरे मैच की पहली गेंद पर विकेट–** जोफ्रा आर्चर ने मैच की पहली गेंद पर विकेट लिया। उन्होंने अभिषेक शर्मा को आउट किया। अभिषेक बिना खाता खोले लौटे। इससे पहले 10 अप्रैल को आरसीबी के खिलाफ भी आर्चर ने पहली गेंद पर फिल सॉल्ट को आउट किया था। लगातार दूसरे मैच में उन्होंने यह कारनामा किया।

आईपीएल में पहली गेंद पर सबसे ज्यादा विकेट के मामले में मोहम्मद शमी 5 विकेट के साथ टॉप पर हैं। आर्चर 4 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। राजस्थान के लिए यह 24वीं बार रहा जब टीम ने बिना कोई रन दिए पहला विकेट लिया। यह आईपीएल में किसी भी टीम के लिए सबसे ज्यादा है। वहीं, 12वीं बार ऐसा हुआ जब राजस्थान ने पारी की पहली ही गेंद पर विकेट लिया।

**ईशान किशन की सिक्स से फिफ्टी–** 10वें ओवर में ईशान किशन ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने रवि बिश्नोई के खिलाफ घुटने के बल बैठकर डीप मिडविकेट पर छक्का लगाकर 30 गेंद में अर्धशतक बनाया।

**संदीप-ध्रुव टकराए, ईशान कैच आउट–** 14वें ओवर में ईशान किशन का विकेट गिरा। संदीप शर्मा की वाइड लेंथ गेंद पर ईशान ने पुल शॉट खेला, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही और गेंद ऊपर चली गई। कैच के दौरान संदीप शर्मा और ध्रुव जुरेल टकराए, लेकिन संदीप ने गेंद पकड़ ली।

**फ्लडलाइट बंद हुई, दर्शकों ने फ्लैश जलाए–** 13वें ओवर में फ्लडलाइट बंद होने से खेल रुका। मैदान पर अंधेरा छा गया और दर्शकों ने मोबाइल फ्लैश जलाई। ब्रेक में ईशान किशन टॉवेल से खुद को सुखाते नजर आए, जबकि रियान पराग और संदीप शर्मा बात करते दिखे।

**वैभव शून्य पर आउट, हिंगे ने पहले ओवर में 3 विकेट लिए–** क्ढछ डेब्यू में प्रफुल्ल हिंगे ने इतिहास रचा। वे पहले ओवर में 3 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इससे पहले आईपीएल इतिहास में 32 बार पहले ओवर में 2 विकेट लिए गए थे। दूसरी गेंद पर वैभव सूर्यवंशी को आउट किया। चौथी पर ध्रुव जुरेल को बोल्ड किया। आखिरी गेंद पर लुहान-ड्रे प्रिटोरियस को कैच कराकर तीसरा विकेट लिया। तीनों बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए।

**फरेरा ने 102 मीटर लंबा सिक्स लगाया–** 11वें ओवर में डोनोवन फरेरा ने 102 मीटर का सिक्स लगाया। हर्ष दुबे की फुल लेंथ गेंद पर उन्होंने आगे बढ़कर शॉट खेला और गेंद को डीप मिडविकेट के ऊपर 102 मीटर दूर भेजा। फरेरा को 15वें ओवर की आखिरी बॉल पर डेब्यू कर रहे साकिब हुसैन ने बोल्ड कर दिया।

### आईपीएल में आज चेन्नई-कोलकाता

## धोनी का इस मैच में भी खेलना मुश्किल, केकेआर को पहली जीत की तलाश




ब्रह्मास्त्र ›› चेन्नई

आईपीएल के इस सीजन के 22वें मैच में आज चेन्नई सुपर किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा, जबकि टॉस 7:00 बजे होगा।

दोनों टीमों के बीच इस सीजन का यह पहला मुकाबला होगा। सीएसके और केकेआर अपना-अपना पांचवां मैच खेलने उतरेंगी। सीएसके ने अब तक सिर्फ एक मैच जीता है और टीम पॉइंट्स टेबल में 9वें स्थान पर है। वहीं, केकेआर को अभी तक पहली जीत का इंतजार है। टीम अपने 4 में से 3 मैच हार चुकी है, जबकि पंजाब के खिलाफ एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। सीएसके के पूर्व कप्तान एमएस धोनी का इस मैच में भी खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। वह पिछले मुकाबले में स्टेडियम नहीं पहुंचे थे। वहीं, कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने ऊ्र के खिलाफ मैच के बाद कहा था कि धोनी फिलहाल होटल में रहकर मैच देख रहे हैं और टीम का समर्थन कर रहे हैं। लेकिन हां, बहुत जल्द आप उन्हें मैदान पर भी देखेंगे।

सीएसके और केकेआर के बीच 33 आईपीएल मैच खेले गए। 21 में सीएसके और 12 में सीएसके को जीत मिली। चेपॉक स्टेडियम में होम टीम चेन्नई का रिकॉर्ड बहुत अच्छा है। टीम ने कोलकाता को 12 में से 8 मैच हराए हैं, वहीं सीएसके 4 मैच ही जीत सकी।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









अमेरिका-ईरान वार्ता विफल

# सर्राफा बाजार में गिरावट, चांदी 1800 टूटी, सोना भी कमजोर



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

सप्ताहांत में अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद सोने और चांदी की कीमतों में मुनाफावसूली दर्ज की गई है, जबकि आंबेडकर जयंती के कारण मंगलवार को बाजार बंद रहेंगे। आइए सराफा बाजार की चाल के बारे में विस्तार से जानें।

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई युद्धविराम वार्ता के किसी भी समझौते तक पहुंचने में विफल रहने का सीधा असर सोमवार को घरेलू और वैश्विक सर्राफा बाजारों पर दिखाई दिया। कमजोर वैश्विक संकेतों और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण, सोमवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में कीमती धातुओं में बिकवाली और मुनाफावसूली का भारी दबाव देखा गया, जिससे सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

**घरेलू बाजार में सोने-चांदी के भाव क्या रहे-** सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच चांदी की कीमतों में 1,800 रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार के 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर की तुलना में सोमवार को चांदी करीब 1 प्रतिशत (1,800 रुपये) गिरकर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने के दाम में भी 300 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। पिछले कारोबारी सत्र में 1,55,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद होने वाला सोना अब 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया है।

म्यूचुअल फंड गिफ्ट कार्ड : अब उपहार में दीजिए सुनहरे भविष्य की चाबी

# निवेश की पहली सीढ़ी की तरह करेगा काम

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

म्यूचुअल फंड गिफ्ट कार्ड बहुत बड़ा कदम है, यह निवेश की पहली सीढ़ी की तरह काम करेगा। मान लीजिए आपके छोटे भाई का जन्मदिन है या भतीजे की शादी। आप लिफाफे में 1,100 या 5,100 रुपये रखकर थमा देते हैं। दो दिन बाद पूछिए तो पता चलता है कि वह पैसा या तो पार्टी में उड़ गया या किसी गैर-जरूरी सामान में खर्च हो गया।

24 मार्च, 2026 को, पूंजी बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड की खरीद के लिए गिफ्ट कार्ड/गिफ्ट प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स शुरू करने के लिए एक परामर्श पत्र जारी किया। इसका उद्देश्य किसी व्यक्ति को गिफ्ट कार्ड खरीदने और उसे पारंपरिक उपहारों की तरह दूसरों को देने की अनुमति देना है।

**यह कैसे काम करेगा-** सारांश अपनी बहन नैना को जन्मदिन पर म्यूचुअल फंड उपहार में देना चाहता है। वह किसी पीपीआई जारीकर्ता से भौतिक या ऑनलाइन रूप में गिफ्ट कार्ड खरीद सकता है। इसका भुगतान केवल बैंक से इलेक्ट्रॉनिक बैंक ट्रांसफर या यूपीआई के माध्यम से ही करना होगा। क्रेडिट कार्ड का उपयोग मना होगा। गिफ्ट कार्ड की वैधता अवधि एक वर्ष होगी।

अब नैना को म्यूचुअल फंड की वेबसाइट पर जाना होगा और म्यूचुअल फंड यूनिट्स खरीदकर इस गिफ्ट कार्ड को भुनाना होगा। नैना अपनी पंसद के अनुसार कोई भी योजना चुन सकती है।

नैना का यह ट्रांजैक्शन डायरेक्ट प्लान के तहत प्रोसेस किया जाएगा। अगर नैना को म्यूचुअल फंड के बारे में जानकारी नहीं है, तो वह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर की सेवाएं ले सकती है। ऐसी स्थिति में, निवेश को रेगुलर प्लान के तहत माना जाएगा।




**नया निवेश करने वालों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए इसे दो चरणों में बांटा गया है:**

**पहला चरण: उपहार खरीदने वाले के लिए**

1. आप किसी भी एसेट मैनेजमेंट कंपनी से अधिकतम दस हजार रुपये तक का गिफ्ट कार्ड खरीद सकते हैं।
2. आप कार्ड खरीदते समय यह सुझाव भी दे सकते हैं कि पैसा किस योजना में लगाया जाए, हालांकि यह मानना या न मानना उपहार पाने वाले पर निर्भर करेगा।

**दूसरा चरण:** उपहार पाने वाले के लिए

1. जिसे उपहार मिला है, उसे अपना ङ उ पूरा करना होगा।
2. इसके बाद वह कार्ड में दर्ज राशि को निवेश के लिए जमा करेगा।
3. कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि कार्ड पर लिखा नाम और निवेश करने वाले का नाम एक ही हो।

## गिफ्ट कार्ड के मुख्य नियम

**अधिकतम राशि** : प्रत्येक गिफ्ट कार्ड के लिए दस हजार रुपये।
**दोबारा पैसा डालना** : संभव नहीं, यह केवल एक बार के उपयोग के लिए है।
**उपयोग की शर्त** : पूरी राशि का निवेश एक ही बार में करना अनिवार्य।
**वैधता की अवधि** : जारी होने की तारीख से एक वर्ष तक।
**उपयोग न होने पर** : पैसा वापस खरीदने वाले के बैंक खाते में चला जाएगा।
**जारी करने का शुल्क** : कंपनी वहन करेगी, ग्राहक को कोई अतिरिक्त भार नहीं देना होगा।

## उपहार की माथा- पच्ची होगी खत्म

अक्सर लोग यह तय नहीं कर पाते कि क्या उपहार दें। कई बार इसको लेकर भी असमंजस रहता है कि उपहार उपयोगी होगा या नहीं। ऐसी स्थिति में, म्यूचुअल फंड उपहार में देना एक बेहतरीन विकल्प है। इसके जरिये आप अपने किसी खास के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में योगदान दे सकते हैं।

**युवाओं के लिए:** अपने छोटे भाई-बहनों को पॉकेट मनी देने के बजाय ये कार्ड दें। इससे उन्हें कम उम्र में ही धन प्रबंधन की सीख मिलेगी।
**शादियों के लिए:** भारी-भरकम उपहारों के बजाय भविष्य की सुरक्षा दें।

## किसे कितना टैक्स देना होगा

**रिश्तेदारों से मिला उपहार:** यदि पति-पत्नी, माता-पिता, भाई-बहन या बच्चों से गिफ्ट कार्ड मिलता है, तो उस पर कोई टैक्स नहीं लगेगा, चाहे राशि कितनी भी हो।

**गैर-रिश्तेदारों (मित्रों) से मिला उपहार:** यदि पूरे साल में कुल मिलाकर 50 हजार रुपये तक के उपहार मिलते हैं, तो वह टैक्स-फ्री है। यदि यह सीमा पार होती है, तो पूरी राशि आपकी आय में जोड़ दी जाएगी और आपको अपने टैक्स स्लैब के हिसाब से टैक्स देना होगा।

**मुनाफे पर टैक्स:** जब आप निवेश बेचेंगे, तो होने वाले लाभ पर पूंजीगत लाभ कर के सामान्य नियम लागू होंगे।

500 करोड़ की धोखाधड़ी

# ईडी ने की छापेमारी गुड़गांव के रियल एस्टेट समूह पर कार्रवाई




ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

500 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में ईडी ने की छापेमारी, गुड़गांव के रियल एस्टेट समूह पर कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को गुरुग्राम स्थित एक रियल एस्टेट समूह के खिलाफ छापेमारी की। केंद्रीय एजेंसी ने यह कार्रवाई निवेशकों के साथ कथित तौर पर 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की जांच से जुड़े मामले में की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने सोमवार को गुरुग्राम स्थित एक रियल एस्टेट समूह के खिलाफ छापेमारी की। यह कार्रवाई निवेशकों के साथ कथित तौर पर 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की जांच का हिस्सा है।प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने 32ल्लि एवेन्यू नामक संस्था से जुड़े सात परिसरों पर छापा मारा। अधिकारियों ने बताया कि यह समूह दिल्ली-एनसीआर और गोवा में सक्रिय है। टिप्पणी के लिए कंपनी या उसके प्रमोटर से संपर्क नहीं हो सका। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि यह मामला हरियाणा पुलिस द्वारा निवेशकों की शिकायतों के आधार पर दर्ज की गई कई एफआईआर से जुड़ा है, जिन्हें कथित तौर पर समूह द्वारा धोखा दिया गया था। उन्होंने बताया कि समूह के प्रमोटर-निदेशक फिलहाल फरार हैं या न्यायिक हिरासत में हैं।

ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिका की नाकाबंदी:

# कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक व्यापार पर असर की आशंका

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता बिना किसी समझौते पर सहमति बने खत्म हो गई। इसके बाद से ही आशंका जताई जा रही थी कि कच्चे तेल की कीमतों वृद्धि दर्ज की जा सकती है। शांति वार्ता बेनतीजा रहने के अगले ही दिन तेल की कीमतों पर इसका असर दिखने लगा है।

अमेरिका द्वारा सोमवार से ईरान के बंदरगाहों को नाकाबंदी करने की घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल देखा गया है। शुरूआती कारोबार में रविवार को अमेरिकी क्रूड ऑयल की कीमत आठ प्रतिशत बढ़कर 104.24 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत सात प्रतिशत बढ़कर 102.29 डॉलर प्रति बैरल हो गई।

यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमतों में जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखा गया है। फरवरी के अंत में युद्ध शुरू होने से पहले लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर यह कभी-कभी 119 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर चला गया था। शांति वार्ता से पहले शुक्रवार को जून डिलीवरी के लिए ब्रेंट 0.8 प्रतिशत गिरकर 95.20 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया था।



**होर्मुज पर नियंत्रण और नाकाबंदी का प्रभाव-** ईरान लंबे समय से वैश्विक तेल शिपिंग के लिए महत्वपूर्ण जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य पर प्रभावी नियंत्रण रखता आया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह नाकाबंदी ईरानी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों में प्रवेश करने या वहां से निकलने वाले सभी देशों के जहाजों के खिलाफ निष्पक्ष रूप से लागू की जाएगी। हालांकि, यह उन जहाजों को पारगमन की अनुमति देगा, जो गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच यात्रा कर रहे हैं।

यह ध्यान देने योग्य है कि दुनिया के व्यापारिक तेल का लगभग पांचवां हिस्सा हर दिन होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और ईरान जैसे प्रमुख तेल निर्यातक देश इसी मार्ग पर निर्भर हैं।

### व्यापारिक जहाजों की आवाजाही पर भी असर

युद्धविराम के बाद के दिनों में भी होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही सीमित रही है। मरीन ट्रैकर्स के अनुसार, युद्धविराम की शुरुआत के बाद से 40 से अधिक वाणिज्यिक जहाजों ने इस मार्ग से आवागमन किया है। अमेरिकी नाकाबंदी की घोषणा के बाद इस क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों की संख्या और भी प्रभावित होने की आशंका है।

**वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर-** कच्चे तेल की कीमतों में यह वृद्धि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि यह मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती है और विभिन्न देशों की आर्थिक विकास दर को प्रभावित कर सकती है। विशेष रूप से भारत जैसे देश, जो अपनी तेल की जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर हैं, इस स्थिति से सीधे तौर पर प्रभावित हो सकते हैं। ईरान पर अमेरिकी नाकाबंदी के संभावित दीर्घकालिक आर्थिक परिणाम अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन यह निश्चित रूप से वैश्विक ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता को बढ़ाएगा।

शांति वार्ता विफल होने के बाद

# पाकिस्तान का शेयर बाजार धड़ाम 6000 अंक टूटा केएसई 100

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद पाकिस्तान के शेयर बाजार (केएसई 100) में भारी गिरावट दर्ज की गई है। पूरी खबर पढ़ें और बाजार के इस नए रुझान को समझें।

अमेरिका और ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता के विफल होने का सीधा और नकारात्मक असर पाकिस्तान के वित्तीय बाजारों पर देखने को मिला है। सोमवार को पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में भारी बिकवाली का दौर रहा, जिसके चलते प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स केएसई 100 (केएसई 100) में लगभग 6,000 अंकों की भारी गिरावट दर्ज की गई। इस भू-राजनीतिक झटके ने निवेशकों के उत्साह को बुरी तरह से प्रभावित किया है।

पाकिस्तान का प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक केएसई 100 सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान 3.5 प्रतिशत तक गोता लगाते हुए दिन के निचले स्तर 1,61,638 पर पहुंच गया। बाजार में इस भारी गिरावट का मुख्य कारण अमेरिका और ईरान के बीच एक स्थायी शांति समझौते का अंजाम तक नहीं पहुंच पाना है गौरतलब है कि इस संवेदनशील शांति वार्ता में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर ने मध्यस्थ की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लेकिन इन दोनों शीर्ष नेतृत्व के कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद जब यह वार्ता किसी ठोस शांति समझौते में तब्दील नहीं हो सकी, तो बाजार में तुरंत निराशा छा गई और निवेशकों ने मुनाफावसूली व बिकवाली शुरू कर दी।

सोमवार की यह भारी गिरावट पिछले सप्ताह के कारोबारी रुझान के बिल्कुल विपरीत है। बीते सप्ताह के बुधवार को जब अमेरिका और ईरान के बीच एक अस्थायी युद्धविराम की खबरें सामने आई थीं, तब पूरे क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीद जगी थी। उस सकारात्मक खबर से निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ था और केएसई 100 इंडेक्स ने 12,000 से अधिक अंकों की जबरदस्त छलांग लगाई थी। यह बढ़त निरपेक्ष रूप से इंडेक्स की अब तक की सबसे बड़ी इंट्राडे बढ़त थी। लेकिन वार्ता के विफल होने से यह रिकॉर्ड तेजी कुछ ही दिनों में काफूर हो गई।


भारत की 7 मोक्ष पुरियां
अयोध्या (राम जन्मभूमि)
मथुरा (कृष्ण जन्मभूमि)
हरिद्वार (गंगा द्वार)
द्वारका (मोक्ष द्वार)
काशी (विश्वनाथ Dham)
अवंतिका (उज्जैन - महाकाल)
कांची (दक्षिण काशी)

### ट्रंप बोले- आसपास आया पोत तो खत्म कर देंगे, ईरान ने पलटवार की चेतावनी दी


# होर्मुज की नाकाबंदी से तनाव

**ब्रह्मास्त्र** ›› वाशिंगटन/ तेहरान

अमेरिका-ईरान शांति वार्ता विफल होने के बाद अमेरिकी नौसेना ने ईरान के बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों की नाकेबंदी शुरू कर दी है। ब्रिटेन के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स (यूकेएमटीओ) ने सोमवार को यह जानकारी दी। ईरान ने भी पलटवार की चेतावनी दी है। इससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। यूकेएमटीओ के अनुसार, अमेरिकी सेना की इस कार्रवाई से अरब और ओमान की खाड़ी के साथ अरब सागर और होर्मुज का दक्षिण पूर्व क्षेत्र भी प्रभावित होगा। वहीं, ईरान ने धमकी दी कि वह फारस और ओमान की खाड़ी स्थित बंदरगाहों को निशाना बनाएगा।

ट्रंप ने दी सख्त चेतावनी : अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ पर पोस्ट में चेतावनी देते हुए कहा कि ईरानी नौसेना का कोई युद्धपोत नाकेबंदी के आसपास आता है तो हम उसे खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि ईरान की नौसेना समुद्र की सतह में पहुंच गई है। ईरान के 158 पोत डूब गए हैं। हमने ईरान के बड़े युद्धपोत खत्म कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि जैसा हमने समुद्री ड्रग्स तस्करों की नावों के साथ किया वैसा ही हश्र ईरानी नौसेना का करेंगे। अमेरिका में 98.2 फीसदी ड्रग्स समुद्री रास्ते से आती थी लेकिन अब पूरी तरह से बंद है।

दुश्मन का पोत नहीं गुजरने देंगे : ईरान ने कहा है कि ईरानी जल क्षेत्र से दुश्मन के पोत होर्मुज से किसी हाल में नहीं गुजरेंगे। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध गैरकानूनी है। वहीं, ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ ने कहा कि ईरान अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा, नाकेबंदी के खिलाफ ईरान कड़ी कार्रवाई करेगा।




## ईरान की सैन्य ताकत कमजोर पड़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शांति वार्ता विफल होने के बाद कहा कि उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि ईरान बातचीत के लिए वापस आता है या नहीं। जॉइंट बेस एंड्रयूज में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ये बैठक पश्चिम एशिया में शत्रुता को जड़ से खत्म करने के लिए थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कहा, ईरान बैठक के लिए दोबारा नहीं आता तो इससे कोई समस्या नहीं है। उन्होंने दावा किया कि ईरान की स्थिति बहुत खराब है और वो पूरी तरह से हताश है। एक महीने से अधिक समय तक चली जंग के चलते ईरान की सैन्य क्षमता बहुत कमजोर हो गई है। तेहरान का मिसाइल भंडार और निर्माण क्षमता भी काफी हद तक खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जंग के दौरान अमेरिका ईरान के प्रति नरम रहा है। हमने बहुत ज्यादा पुल नहीं तोड़े हैं। अमेरिका के रूख को दोहरात हुए उन्होंने कहा कि ईरान को किसी कीमत पर परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे।

कच्चा तेल महंगाः ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू करने की घोषणा के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 104.24 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट कच्चे तेल का मूल्य 102.29 अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, स्थानीय शेयर बाजारों में सेंसेक्स 703 अंक जबकि निफ्टी 208 अंक लुढ़ककर बंद हुआ। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने विफल शांति वार्ता के बाद सोमवार को कहा कि लंबी बैठक से कोई सबक नहीं सीखा गया। समझौते के करीब पहुंचने के बावजूद वार्ता विफल हो गई। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने लिखा कि ईरान ने पूरी निष्ठा से इस बैठक में भाग लिया लेकिन अमेरिका की मांगे बढ़ती मांगों, लक्ष्य और नाकेबंदी के चलते ये वार्ता टूट गई।

## होर्मुज पर अकेला पड़ा अमेरिका

**ब्रह्मास्त्र** ›› लंदन

होर्मुज स्ट्रेट और ईरानी बंदरगाहों पर नाकेबंदी के ऐलान के बाद अमेरिका दुनिया में अकेला पड़ गया है। नाटो, ब्रिटेन, जापान ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों ने अमेरिकी नाकेबंदी का समर्थन नहीं किया है। ब्रिटेन के खुलकर कहा कि वह इसका समर्थन नहीं करेगा। जापान ने होर्मुज में माइनस्वीपर तैनाती का फैसला टाल दिया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि उन्हें अमेरिका की तरफ से इसको लेकर कोई संदेश नहीं मिला है।

नाटो के सहयोगी देशों ने सोमवार को कहा कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरानी बंदरगाहों पर नाकेबंदी योजना में सीधे शामिल नहीं होंगे। उन्होंने संकेत दिया कि वे केवल संघर्ष समाप्त होने के बाद ही किसी हस्तक्षेप पर विचार करेंगे।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को कहा कि ब्रिटेन ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी का समर्थन नहीं करेगा। हम नाकेबंदी का समर्थन नहीं कर रहे हैं और न ही इस युद्ध में शामिल होने जा रहे हैं। ब्रिटेन की प्राथमिकता इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को फिर से खोलना है, जिसकी बंदी से तेल और अन्य वस्तुओं की कीमतों में भारी उछाल आया है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की पूरी सैन्य क्षमता फिलहाल जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलने पर केंद्रित है। इस बीच समुद्र के नीचे बिछे बारूद को साफ कराने के लिए तत्पर दिख रही जापान सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। जापान ने माइनस्वीपर भेजने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने कहा, उन्हें होर्मुज में नाकाबंदी करने की योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### ईरान ने जताई समझौते की इच्छा

ट्रंप ने दावा किया है कि शांति वार्ता विफल होने के बाद ईरान ने फिर समझौते की इच्छा जताई है। ट्रंप ने कहा कि सोमवार सुबह ईरान में सही व्यक्ति से बात हुई। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि समझौता हो लेकिन मैं ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दूंगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, ट्रंप नाकेबंदी की रणनीति से ईरान पर दबाव डाल रहे हैं। ताकि रास्ता जल्द खुल जाए। कंपनी केप्लर के सहयोगी मैट स्मिथ के मुताबिक, खाड़ी में 400 तेल से लदे टैंकर बाहर निकलने का इंतजार कर रहे हैं, जबकि अंदर जाने के लिए 100 खाली टैंकर ही खड़े हैं। अगर यह रास्ता खुल भी जाए तो तेल की सप्लाई सामान्य होने में जुलाई तक का समय लग सकता है। फ्रांस और ब्रिटेन होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित नौवहन सुनश्चिति करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को यह घोषणा की। फ्रांसिसी राष्ट्रपति ने बताया कि इस सम्मेलन में उन देशों को एक साथ लाया जाएगा, जो नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने के उद्देश्य से एक शांतिपूर्ण, बहुराष्ट्रीय अभियान में योगदान देने के इच्छुक हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ब्रिटेन ने 40 से अधिक देशों को इस मिशन के लिए आमंत्रित किया है,

## पोप ने दी बाइबिल की सीख तो ट्रंप ने खुद को बताया मसीहा

**ब्रह्मास्त्र** ›› वाशिंगटन

पोप लियो 14वें ने सोमवार को ईरान संग अमेरिका-इजरायल युद्ध संबंधी अपने शांति संदेश की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा की गई आलोचना का जवाब दिया। पोप ने कहा कि वेटिकन की शांति और सुलह की अपील बाइबिल के पवित्र उपदेशों में निहित है और वह ट्रंप के प्रशासन से नहीं डरते। पोप की आलोचना के कुछ घंटों बाद ही ट्रंप ने खुद की एआई से बनाई गई तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की। इसमें उन्हें जीसस के रूप में दिखाया गया है। हालांकि, ट्रंप ने बाद में इस तस्वीर को डिलीट कर दिया। ट्रंप ने कैथोलिक चर्च की आलोचना करने के बाद एक एआई जनरेटेड तस्वीर में खुद को चमत्कार करते हुए दिख रहे हैं। यह तस्वीर काफी हद तक बाइबिल में बताए गए जीसस के चमत्कारों में से एक को दिखाती है। तस्वीर में ट्रंप को एक बीमार आदमी पर हाथ रखते हुए दिखाया गया है। यह दृश्य देशभक्ति और अन्य चीजों से घिरा हुआ है, जिसमें अमेरिकी झंडा, एयरक्राफ्ट और जैसी आकृतियां शामिल हैं। इससे पहले अमेरिकी मूल के पोप ने कहा था कि उन्हें लगता है ट्रंप द्वारा की गई आलोचना बाइबिल के पवित्र उपदेशों को न समझने की वजह से है। मुझे यह सुनकर दुख हुआ, लेकिन मैं उस कार्य को जारी रखूंगा, जिसे मैं चर्च का मिशन मानता हूं।

## ट्रम्प-पुतिन के समर्थन के बावजूद हंगरी में चुनाव हारे ऑर्बन, 16 साल बाद सत्ता से बाहर, मग्यार भारी बहुमत से जीते

**ब्रह्मास्त्र** ›› बुडापेस्ट

विक्टर ऑर्बन हंगरी का प्रधानमंत्री चुनाव हार गए हैं। वे 16 साल से सत्ता में थे। विपक्षी तिस्जा पार्टी के पीटर मग्यार अगले प्रधानमंत्री बनेंगे। मग्यार पहले ऑर्बन की पार्टी फिदेस से जुड़े थे, लेकिन पार्टी में भ्रष्टाचार के खिलाफ उनसे अलग हो गए थे।

ऑर्बन दुनिया के गिने-चुने नेताओं में हैं, जिनकी करीबी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से है।

न्यूज एजेंसी अढ के मुताबिक, इस बार के चुनाव में करीब 80% रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। नतीजों को बड़े राजनीतिक उलटफेर के रूप में देखा जा रहा है। इसका असर यूरोप और ग्लोबल राजनीति पर पड़ेगा।

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने 7



अप्रैल 2026 को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा किया। उनका यह दौरा काफी चर्चा में रहा, क्योंकि यह हंगरी के संसदीय चुनाव से सिर्फ पांच दिन पहले हुआ था और इसे प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बन के समर्थन के तौर पर देखा गया। अमेरिकी इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई मौजूदा उपराष्ट्रपति दूसरे देश जाकर किसी खास नेता के पक्ष में चुनाव प्रचार करता नजर आया हो। शुरूआती नतीजों में तिस्जा पार्टी ने 199 में 138 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, ऑर्बन की फिदेस पार्टी को सिर्फ 55 सीटें ही मिली हैं। तिस्जा को करीब 53% और फिदेस को करीब 37% वोट मिले। इन चुनाव नतीजों के बाद हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में देर रात तक जश्न चलता रहा। डेन्यूब नदी किनारे हजारों लोग जुटे। कारों के हॉर्न, झंडे और नारेबाजी के बीच जश्न चलता रहा। कई जगह लोगों ने रूसियों घर जाओ जैसे नारे लगाए।

### ट्रम्प के करीबी माने जाते हैं ऑर्बन

ऑर्बन ने अपनी हार स्वीकार कर ली है और अपने समर्थकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अब वे विपक्ष से देश की सेवा करेंगे। ऑर्बन को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का करीबी सहयोगी माना जाता रहा है। हाल ही में उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने चुनाव से पहले हंगरी का दौरा किया था और उनका समर्थन किया था। ऑर्बन यूरोप में ट्रम्प के सबसे भरोसेमंद सहयोगी रहे हैं। 2016 में ट्रम्प के पहली बार चुनाव लड़ने की घोषणा पर ऑर्बन पहले यूरोपीय नेता थे जिन्होंने उन्हें समर्थन दिया था। ऑर्बन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी माने जाते रहे हैं। उनकी राजनीति रूस से करीबी और यूरोपीय यूनियन से दूरी पर आधारित रही है। उन्होंने रूस पर लगे प्रतिबंधों का कई बार विरोध किया और यूक्रेन युद्ध जल्दी खत्म करने की बात कही।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. तरंग, हिलोर-3
3. झगड़ा, द्वेष, कहासुनी-3
5. पार्थिव देह-2
6. जरा, थोड़ा-2
8. रहस्य जानने वाला-4
10. दरवेश, औलिया, पीर-2
12. बहुतांश-3
13. राजनीतिक पार्टी-2
14. हिरासत-2
15. साजन, प्रेमी-3
17. देवर्षि-3
19. भगवान, रब, करतार-4
21. श्रवणेंद्रिय-2
23. प्राण, जीवन तत्व-2
24. द्रव पदार्थ-3
25. डोली उठाने वाले-4

### ऊपर से नीचे

1. भगवान राम का एक पुत्र-2
2. दया, करुणा-3
3. शर्ट, बुशर्ट-3
4. अधिकार-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 2 | | 5 | | 2 | = | 40 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 4 | | 80 | | 50 | = | 30 |
| | | | | | | | | |
| 80 | | 5 | | 50 | | 25 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 20 | | 4 | | 4 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 50 | | 20 | | 39 | | 23 | = | 0 / 8 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



**क्या इस शब्द पहेली में आप खोज पाएँगे अपने पसंदीदा शोज के किरदारों के नाम?**


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| 2 | 28 | 4 | 40 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | | | 4 | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | | 5 | | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 24 | | 30 | |
| 7 | 6 | | 4 | | | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉडन्स, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इजी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पेराशूट, डाबर, झंडु, सांडु, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडेंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोर्नको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, वीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नव्हिटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्प्लान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॅफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरींडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | ॲक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉरनेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, बिकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी. एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्प्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्रेडी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रैक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एड्डिास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, डयूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, बीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

**उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद**

■ वर्ष-12 अंक-160 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 14 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

विद्याभ्यास स्तपो ज्ञानमिन्द्रियाणां च संयम:।
अहिंसा गुरुसेवा च नि:श्रेयसकरं परम्।।

**भावार्थ** : विद्या, तप, ज्ञान, इन्द्रिय-संयम, अहिंसा और गुरुसेवा-ये परम कल्याण हैं।

गुरुशुश्रूषया विद्या पुष्कलेन धनेन वा।
अथवा विद्यया विद्या चतुर्थी नोपलभ्यते।।

**भावार्थ** : केवल गुरु की सेवा करके, बहुत सारा पैसा देकर, या सीखने के बदले में, यह ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है; ज्ञान प्राप्त करने का कोई चौथा तरीका नहीं है।

## सम्पादकीयम्

### काबुल आक्रमण

चिकित्साकेन्द्रे आक्रमणं कृतम्, यस्य परिणामेण १२ स्वास्थ्यसेवाकर्मचारिणः मृताः। लेबनानदेशः दावान् करोति यत् वर्तमानसङ्घर्षस्य आरम्भात् आरभ्य चिकित्सासुविधासु न्यूनातिन्यूनं ३७ आक्रमणानि अभवन्, यस्य परिणामेण ३१ स्वास्थ्यसेवाकर्मचारिणां मृत्युः अभवत् तथैव इरान्-देशे आक्रमणानां प्रथमदिने एव अमेरिकी-इजरायल-क्षेपणास्त्रं एकस्मिन् विद्यालये आघातं कृत्वा प्रायः १७० जनाः मृताः-येषु अधिकांशः बालकाः आसन् सहस्राणि आक्रमणानि : अन्तर्राष्ट्रीयकानूनम्-विशेषतः जिनेवा-सम्मेलनानि-जीवनस्य स्थापनार्थं आवश्यकानि आधारभूतसंरचनानि लक्षितानि न भवेयुः इति नियमः अस्ति। चिकित्साकर्मचारिणां सर्वेषु परिस्थितिषु रक्षणं करणीयम्। एतादृशाः आक्रमणाः न केवलं कानूनीरूपेण अपितु नैतिकदृष्ट्या अपि गलताः सन्ति। परन्तु सांख्यिकी सूचयति यत्, अद्यत्वे नैतिकतायाः, नियमस्य वा विषये कोऽपि चिन्तां न करोति इव। इत्यस्य अनुसारं केवलं युक्रेनदेशे २०२२ तः स्वास्थ्यसेवासुविधासु २,८८१ आक्रमणानि अभवन् साझीकृतदायित्वम्: एतादृशाः घटनाः पुनः भवन्ति यतोहि अन्तर्राष्ट्रीयकायदानानां वास्तविकः अधिकारः नष्टः अस्ति। वर्तमानविश्वव्यवस्थायां एकमेव महत्त्वपूर्णं यत् कः कस्य उपरि आधिपत्यं कर्तुं शक्नोति, केन च। आवश्यकता अस्ति यत् केवलं निन्दा-आलोचना-मात्रात् परं गच्छन्ती ठोस-क्रिया एव।

**अस्मिन् चचार्यां सः भविष्यस्य सम्भावनाः अपि स्पृष्टवान्**

# आशां प्रकटयन् यत् यदि तमस्य वर्षस्य ओलम्पिकस्य आयोजनं




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

दृश्यते यत्र सः सम्भाव्यतया अतीव शीघ्रं अन्तर्राष्ट्रीयस्तरं प्राप्तुं शक्नोति स्म तथापि तस्य विकासः सम्यक दिशि गच्छति, अकालं अनुचितदबावः न भवति इति महत्त्वपूर्णम्।

अस्मिन् कार्यक्रमे कुम्बले भारतीयक्रिकेट्-क्रीडायाः संरचनायाः अन्तः ये परिवर्तनानि अभवन्, तेषां विषये अपि चर्चां कृतवान्। सः दर्शितवान् यत्, पूर्वं, अन्तरविश्वविद्यालयप्रतियोगिताः क्रीडकानां कृते प्रमुखमञ्चरूपेण कार्यं कुर्वन्ति स्म-एकः स्प्रिंगबोर्डः यस्मात् बहवः प्रमुखाः क्रिकेट्-क्रीडकाः उद्भूताः परन्तु समयः परिवर्तितः, सा भूमिका अधुना अण्डर-१९ क्रिकेट्, भारतस्य 'ए'-भ्रमणैः च गृहीता अस्ति।

कुम्बले इत्यनेन अपि टिप्पणी कृता यत्, वर्तमानयुगे यदि १५ वर्षीयः खिलाडी विश्वस्य केषाञ्चन उत्तम-गेन्दबाजानां विरुद्धं धावनं करोति तर्हि तस्य अध्ययनार्थं विश्वविद्यालयं प्रेषयितुं महत्त्वपूर्णं आव्हानं भवति फलतः क्रिकेट्-मण्डलस्य, व्यवस्थायाः च एतादृशेन परिकल्पना भवितुमर्हति यत खिलाडयः शिक्षायाः तस्य क्रीडावृत्तेः च मध्ये स्वस्थः सन्तुलनः भवति।

अस्मिन् चचार्यां सः भविष्यस्य सम्भावनाः अपि स्पृष्टवान्, आशां प्रकटयन् यत् यदि २०३६ तमस्य वर्षस्य ओलम्पिकस्य आयोजनं भारते क्रियते तर्हि देशे क्रीडायाः कृते नूतना दिशा प्रदास्यति इति। सः राष्ट्रस्य अन्तः नूतनानां क्रीडा-चिह्नानां उद्भवस्य आवश्यकतायाः उपरि बलं दत्तवान् यत् ते युवानां पीढीं प्रेरयितुं शक्नुवन्ति-यथा क्रिकेट्-चिह्नाः कुर्वन्ति।

वैभव सूर्यवंशी इत्यस्य विषये क्रिकेटविशेषज्ञानाम् प्रशंसकानां च मध्ये उत्साहः निरन्तरं वर्धते। एतावता अल्पवयसि तस्य बल्लेबाजी-विधिः, आत्मविश्वासः, बृहत्-शॉट्-क्रीडाक्षमता च तं पृथक करोति। यदि सः एतत् स्तरं प्रदर्शनं धारयति तर्हि आगामिषु वर्षेषु भारतीयक्रिकेट्-क्रीडायां सः प्रमुखं नाम भवितुम् अर्हति।

सम्प्रति चयनकर्तानां दृष्टिः तस्मिन् दृढतया निहिताः सन्ति, अन्तर्राष्ट्रीयक्रिकेट्-क्षेत्रे पदानि स्थापयितुं कदा कथं च सः अवसरं प्राप्नोति इति द्रष्टुं आकर्षकं भविष्यति तथापि एकं वस्तु स्पष्टं वर्तते यत अनिल कुम्बले इव आख्यायिकायाः समर्थनं प्राप्तुं कस्यापि युवानस्य खिलाड्यस्य कृते स्मारकीयः प्रवर्धनः भवति, निःसंदेहं च तेषां आत्मविश्वासस्य महत्त्वपूर्णवर्धनस्य कार्यं करोति।

**नवीनकम्पनीनां आगमनस्य**

## अनन्तरं विकासस्य विषये नवीनचर्चाः आईटी पार्के वर्धमानाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य अग्रिमस्य प्रमुखस्य सूचनाप्रौद्योगिकीकेन्द्रस्य स्थापनायाः प्रयासे बार्गीपर्वतेषु स्थितः सूचनाप्रौद्योगिकीनिकुञ्जः महत्त्वपूर्णकेन्द्ररूपेण उद्भूतः अस्ति। सम्प्रति जबलपुर-आईटी-पार्क-मध्ये नूतनानां कम्पनीनां आगमनस्य, तत्र उत्पद्यमानानां रोजगार-अवकाशानां च विषये सामाजिक-माध्यम-मञ्चेषु-विशेषतः 'थ्रेड्स्' तथा 'लिङ्कड-इन्'-मध्ये व्यापक-चर्चा प्रचलति टेक्नोपार्क बिल्डिंग्-२ इत्यस्य हाले एव समाप्तिः, तदनन्तरं निर्माणसंस्थायाः हस्तान्तरणप्रक्रिया च नगरस्य सूचनाप्रौद्योगिकीक्षेत्रे नूतनं जीवनं प्रविष्टवती अस्ति प्रतिवेदनानि सूचयन्ति यत् अनेकाः प्रतिष्ठिताः कम्पनयः अत्र निवेशं कर्तुं स्वकार्यालयं स्थापयितुं च तीव्ररुचिं प्रकटितवन्तः, येन स्थानीयप्रतिभानां कृते स्वस्य नगरस्य अन्तः एव स्वस्य करियरस्य निमार्णार्थं उत्तमविकल्पाः प्राप्यन्ते।

आईटी-उद्याने एतेषां प्रचलितानां क्रियाकलापानाम् सकारात्मकः प्रभावः अधुना कार्य-बाजारे अपि प्रत्यक्षतया दृश्यते 'इण्डीड्' तथा 'नौकरी' इत्यादिषु पोर्टलेषु दर्जनशः नवीनाः कार्यविज्ञापनाः लाइव् अभवन्, यत्र सॉफ्टवेयर डेवलप, तकनीकीसमर्थनकार्यकारी, डाटा सेण्टर ऑपरेट, डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञाः च सन्ति 'डिग्री ३६० सॉल्यूशन्स्', 'कोग्निक सिस्टम्स्' इत्यादीनां कम्पनयः न केवलं अनुभविनां व्यावसायिकानां कृते अपितु नवीनशिक्षकाणां कृते अपि इण्टर्न्शिप्-प्रशिक्षणस्य अवसरान् प्रदास्यन्ति 'धागा'-विषये सक्रियचचार्नुसारं अधुना नगरस्य युवानः अत्रैव जबलपुरे उपलब्धान् अवसरान् प्राथमिकताम् अददात्-इन्दौर-पुणे-इत्यादिषु महानगरेषु प्रवासं कर्तुं न अपि तु-यत् स्थानीय-अर्थव्यवस्थायाः।

## दीर्घदूरयात्राम् आचरन्तः यात्रिकाः अस्य परिवर्तनस्य स्वागतं कृतवन्तः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

रेलवेद्वारा अस्य निर्णयस्य यात्रिकाणां मध्ये सकारात्मकप्रतिक्रिया प्राप्यते। विशेषतः दीर्घदूरयात्राम् आचरन्तः यात्रिकाः अस्य परिवर्तनस्य स्वागतं कृतवन्तः, यतः एलएचबी-प्रशिक्षकाः झटका न्यूनीकरोति, अधिकं आरामदायकं सवारीं च सुनिश्चितं कुर्वन्ति। अपि च, सुरक्षादृष्ट्या एतेषु प्रशिक्षकेषु दूरदर्शनविरोधी डिजाइनं भवति यत् दुर्घटनायां परस्परं अतिक्रमणं न करोति रेलवेविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् देशे सर्वत्र प्रमुखाः रेलयानानि क्रमेण एलएचबी-कोचेषु उन्नयनं क्रियन्ते यस्य उद्देश्यं यात्रामानकानां अन्तर्राष्ट्रीयस्तरं यावत् उन्नतीकरणं भवति। अस्मिन् दिशि एतत् पदं महत्त्वपूर्णं उपक्रमम् अपि गण्यते। भोपाल-जोधपुर-भोपाल एक्स्प्रेस् इत्यस्मिन् एलएचबी-बचानां प्रवर्तनेन यात्रिकाणां कृते आधुनिकः, सुरक्षितः।

## राशिफल

**मेष** : धैर्य से काम लेना जरूरी होगा। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**वृषभ** : खुद को कम्फर्ट जोन से बाहर निकालें और कुछ नया करने की कोशिश करें। आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकती है।

**मिथुन** : एक समय में एक काम करें, इससे बेहतर परिणाम मिलेंगे। बीच-बीच में आराम करें और खानपान का ध्यान रखें।

**कर्क** : दिन सामान्य रहेगा, लेकिन काम बढ़ सकता है। निवेश से पहले पूरी जानकारी लेना जरूरी है।

**सिंह** : धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। पढ़ाई या सीखने से जुड़े कामों में कुछ दिक्कतें आ सकती हैं, इसलिए सतर्क रहें।

**कन्या** : सरल तरीके से काम करेंगे तो ज्यादा सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है।

**तुला** : के साथ बात रखें, लोग आपकी कद्र करेंगे। परिवार से सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

**वृश्चिक** : सामने वाले की भी सुनें। इससे संबंध मजबूत होंगे। काम के बीच में ब्रेक लें और रात में ज्यादा देर तक मोबाइल न चलाएं।

**धनु** : आज गुस्से और बेवजह के विवादों से दूर रहना चाहिए। कुछ लोगों के प्रेम संबंध विवाह की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

**मकर** : खर्चों में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार में भागदौड़ ज्यादा रहेगी।

**कुंभ** : योजनाओं को पूरा करने पर ध्यान दें। मेहनत से ही सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**मीन** : भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में सुधार होगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें।

## ज्योतिष/वास्तु

# इन राशियों को शनि से भी ज्यादा खतरनाक परिणाम देते हैं राहु-केतु, भोगने पड़ते हैं असहनीय कष्ट

कुंडली में शुभ स्थिति होने पर अपने प्रभाव से जातकों को ऊंचाइयों पर पहुंचा सकते हैं। लेकिन अशुभ स्थिति आने पर जीवन में ऐसे उतार-चढ़ाव आते हैं जिन्हें संभालना मुश्किल हो सकता है।

ज्योतिषशास्त्र नवग्रहों पर आधारित है जो अपने गोचर और भाव स्थान के आधार पर परिणाम देते हैं। लेकिन इन नवग्रहों में 2 ऐसे ग्रह हैं जिन्हें छाया ग्रह के नाम से जाना जाता है। ये छाया ग्रह हैं राहु और केतु। ये ऐसे ग्रह हैं जो प्रत्यक्ष रूप से नहीं दिखाई देते, लेकिन इनका असर बहुत गहरा होता है। कुंडली में शुभ स्थिति होने पर अपने प्रभाव से जातकों को ऊंचाइयों पर पहुंचा सकते हैं। लेकिन अशुभ स्थिति आने पर जीवन में ऐसे उतार-चढ़ाव आते हैं जिन्हें संभालना मुश्किल हो सकता है। ज्योतिष शास्त्र में जहां शनिदेव को न्याय का



देवता कहा जाता है वहीं राहु-केतु भ्रम उत्पन्न करते हैं। राहु-केतु अचानक जीवन में ऐसी उथल-पुथल मचाते हैं कि जीवन में इसे संभालना मुश्किल हो जाता है। यही कारण है कि इसका प्रभाव शनि से भी ज्यादा खतरनाक साबित होता है। ऐसे में आइए जानते हैं किन राशियों पर इसका प्रभाव सबसे ज्यादा पड़ता है।

**मेष राशि–** मेष राशि का स्वामी मंगल है। यह ऊर्जा और उत्साह का प्रतीक है। जब राहु इस राशि में प्रवेश करता है तो मेष राशि के जातकों की ऊर्जा में असंतुलन आ जाता है। व्यक्ति जल्दी-जल्दी निर्णय लेने लगता है और कभी-कभी गलत निर्णय भी ले लेता है। राहु मस्तिष्क में भ्रम पैदा करता है जिसके परिणामस्वरूप आर्थिक नुकसान और दुर्घटनाएं हो सकती हैं। केतु व्यक्ति के मन में तनाव और अकेलेपन को बढ़ाता है।

**कर्क राशि–** कर्क राशि का स्वामी चंद्रमा है, जो मन और भावनाओं का प्रतीक है। राहु और केतु चंद्रमा के विपरीत कार्य करते हैं। इस राशि के लोगों को भय, चिंता, अनिद्रा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। परिवार में तनाव बढ़ सकता है और घर की खुशियां कम हो सकती हैं। कर्क राशि पर राहु-केतु का प्रभाव ग्रहण जैसा होगा।

**सिंह राशि –** सिंह राशि का स्वामी सूर्य है जो आत्मा और मान-सम्मान का प्रतीक है। राहु के प्रभाव के कारण इस राशि के व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है। कभी-कभी, अचानक शुरू किए गए कार्य असफल हो सकते हैं और व्यक्ति को अपमानित महसूस हो सकता है। केतु स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है। हृदय या हड्डियों से संबंधित समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**वृश्चिक राशि –** वृश्चिक राशि में केतु का प्रभाव बहुत प्रबल होता है, लेकिन इसका नकारात्मक असर भी उतना ही गहरा होता है। इस राशि के लोगों को गंभीर और अचानक आने वाली समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। राहु के प्रभाव के कारण शत्रुओं की संख्या बढ़ सकती है और कानूनी मामले या समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। कभी-कभी इस स्थिति से बाहर निकलना कठिन हो जाता है। शनि की तुलना में, राहु-केतु का प्रभाव अधिक तीव्र और अचानक होता है।

**मीन राशि –** मीन राशि का स्वामी देवगुरु बृहस्पति है जो ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। लेकिन जब राहु इस राशि में प्रवेश करता है तो व्यक्ति सही मार्ग से भटक सकता है। राहु के प्रभाव के कारण व्यक्ति गलत संगति में पड़ सकता है और उसकी रुचि बुरे या अनैतिक कार्यों की ओर बढ़ सकती है। इसका प्रभाव व्यक्ति की प्रतिष्ठा और सामाजिक छवि पर पड़ता है। पुरानी या दीर्घकालिक बीमारियों की संभावना भी बढ़ सकती है।

## खबर एक नजर...

### पुराने माधव कॉलेज के पास मिली अधेड़ की लाश

**उज्जैन।** देवास गेट बस स्टैंड के पास पुराने माधव कॉलेज भवन के समीप से सोमवार दोपहर एक व्यक्ति की लाश देवास गेट थाना पुलिस द्वारा लोगों की सूचना पर बरामद की गई। मृतक 50 वर्ष के लगभग प्रतीत हो रहा था। पुलिस ने पहचान के प्रयास किया लेकिन उसके पास से कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। आसपास लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि कई दिनों से यहां पर भिक्षुक के रूप में घूम रहा था और चामुंडा माता मंदिर पर मिलने वाले निःशुल्क भोजन का सेवन कर रहा था। पुलिस के अनुसार फिलहाल मृतक का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों के नहीं मिलने पर पोस्टमार्टम के बाद शव को दफनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की चार दिन बाद मौत

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम आलाखेड़ा में रहने वाले शंभू पिता भेरुसिंह 41 साल को घायल हालत में 9 अप्रैल को परिजन उज्जैन लेकर पहुंचे थे, शंभू सिंह को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था चार दिनों तक चल उपचार के दौरान सोमवार दोपहर शंभू की मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि गांव में ही अज्ञात वाहन ने घर लौटते समय टक्कर मार दी थी जिसमें शंभू घायल हुआ था। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार मामला झारडा थाना क्षेत्र का होने पर जांच के लिए मर्ग डायरी भेजी जाएगी।

### मामूली विवाद में ग्रामीण पर दो भाइयों ने किया हमला

**उज्जैन।** ग्राम उंडासा क्षेत्र में पोपसिंह पिता भेरुलाल 48 वर्ष को रविवार-सोमवार रात घायल हालत में परिजन और पड़ोसी चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती किया है। घायल पोपसिंह ने बताया कि पड़ोसी के यहां जन्मदिन का कार्यक्रम था, जहां गाने बजाए जा रहे थे इसी दौरान गांव में रहने वाला विशाल आया और पड़ोसी से आवाज कम करने की बात को लेकर विवाद करने लगा, विशाल को विवाद करता देख उसे समझाया और कार्यक्रम होने की बात कही तो वह लौट गया लेकिन कुछ देर भारी अपने भाई चीनी मुर्गी के साथ वापस लौटा और गाली गलौज करते हुए कहा कि तू बीच में क्यों बोल रहा था, उन्हें समझाने की कोशिश की तो दोनों भाइयों ने लाठियो से हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो दोनों भाई जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मामले में पुलिस द्वारा घायल के बयान दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### जमीन पर कब्जा करने की बात पर 2 पक्षों में विवाद

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नलखेड़ा में जमीन पर कब्जा करने की बात पर 2 पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। मामला पुलिस थाने पहुंचने पर एक पक्ष के धर्मेन्द्र पिता लालू ने शिकायत दर्ज कराई कि जमीन नाम नहीं करने की बात पर दिनेश और उसके साथियों ने मारपीट की है। वहीं दिनेश पिता मोहनलाल ने शिकायत दर्ज कराई कि धर्मेन्द्र और उसके परिवार के सदस्य जमीन पर कब्जा करना चाहते है। रोकने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस के अनुसार दोनों पक्ष एक ही परिवार के है, जिनके बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 180-9 | 150-6 |
| मेन बाजार | 225-9 | 290-1 |
| मिलन डे | 249-5 | 229-3 |
| मिलन नाइट | 123-6 | 577-9 |

2 3 6

#### किराये से रहकर सीडीएस की तैयारी कर रहा छात्र निकला चोर

# शौक पूरा करने के लिये चुराये थे 10 लाख के आभूषण

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ऋषिनगर एक्सटेंशन में रहने वाले परिवार के मकान में हुई लाखों के आभूषणों की चोरी में किराये से रहकर सीडीएस की तैयारी कर रहा छात्र आरोपी होना सामने आया है। शौक पूरा करने के लिये उसने चोरी को अंजाम दिया था। छात्र के साथ उसके 2 साथियों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों से 2 दिनों की रिमांड पर पूछताछ जारी है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के ऋषिनगर एक्सटेंशन में रहने वाले रतनेश जोशी के मकान में संदेहास्पद तरीके से 10 अप्रैल को लाखों के आभूषण चोरी होना सामने आया था। रतनेश के पुत्र केशव ने मामले की शिकायत पुलिस दर्ज कराते हुए बताया था कि घटना के समय वह कोचिंग गया हुआ था और मां तृप्ति परिसर में रहने वाले नाना-नानी के घर



गई हुई थी। मकान के ग्राउंड फ्लोर और ऊपरी मंजिल पर किरायेदार रहते है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान ऊपरी मंजिल पर किराये से रहने वाले वेदांत पिता बलराम त्रिवेदी 20 साल निवासी ग्राम रावदियापीर थाना भाटपचलाना पर संदेह हुआ। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने एएसआई तवंरसिंह केवला, प्रधान आरक्षक चंद्रपालसिंह मंडलोई, दिग्विजयसिंह, धर्मेन्द्र सूर्यवंशी, आरक्षक श्यामवरण सिंह और मुकेश मालवीय की टीम गठित की। टीम द्वारा पड़ताल शुरू की गई और संदेही वेदांत को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर वेदांत टूट गया और उसने चोरी करना कबूल कर लिया। उसने बताया कि चोरी के आभूषण बेचने के लिये दोस्त मोहित उर्फ मोंटी पिता श्याम दत्ता निवासी चाणक्यपुरी और अक्षत उर्फ अंशु पिता रमेश ठाकुर निवासी सुदर्शन नगर को दिये है। पुलिस ने तत्काल ही आभूषण बेचने की फिराक में निकले दोनों युवकों को हिरासत में लिया और चोरी के आभूषण 6 सोने की चूडियां, 3 अंगूठी, 1 जोड़ी सोने के टॉप्स कीमत 10 लाख रुपए बरामद कर लिया। थाना प्रभारी यादव ने बताया कि चोरी का खुलासा होने और आरोपितों के गिरफ्त में आने पर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

### शहर में रहकर बढ़ने लगा था शौक

थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा सीडीएस की तैयारी के लिये गांव से शहर आये वेदांत ने किराये से जोशी परिवार का मकान लिया था। पूछताछ में उसने कबूल किया कि शहर में रहने के दौरान मंहगे शौक बढ़ने लगे थे। उसे पता था कि मकान मालिक के पास काफी माल है। उसने सूना मकान होने का फायदा उठाकर चोरी को अंजाम दिया था।

# अब पुलिस पता लगायेगी कैसे झुलसा था युवक

## लूट और तेजाब डालने की बताई थी घटना

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

रविवार रात चरक अस्पताल में भर्ती युवक ने अपने साथ लूट और तेजाब डालकर जलाने की घटना पुलिस को बताई थी। पुलिस ने पड़ताल शुरू की तो ना लूट होना सामने आया, ना ही तेजाब डालकर जलाने की पुष्टि हो पाई। अब पुलिस युवक से पूछताछ कर उसके झुलसने का सच पता लगाने का प्रयास कर रही है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के शहीद नगर में रहने वाले रोहित पिता हरिओम सोलंकी 29 साल रविवार रात चरक अस्पताल में भर्ती हुआ था। उसके शरीर का एक हिस्सा झुलसा हुआ था। पुलिस को युवक के जलने की खबर मिली तो अस्पताल पहुंची, जहां उसने बताया कि कानीपुरा मार्ग से आते समय रात में उसे बाइक से आये तीन बदमाशों ने रोका और मारपीट कर मोबाइल, 3 हजार रुपए लूट लिये। बदमाशों ने उस पर तेजाब डाल दिया था, जिससे वह झुलसा है। मामला संगीन होने पर पुलिस ने पड़ताल शुरू की। सोमवार को घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों को देखा गया। जिसमें युवक रात को नहीं शाम के समय एक साथी के साथ नशे की हालत में आता दिखाई दिया। एक रेस्टोरेंट के सामने लगे कैमरे से पता चला कि उसके साथी ने सड़क किनारे बैठाकर उसका शर्ट भी बदला, कुछ लोग द्वारा पूछताछ का प्रयास किया तो उनके साथ भी विवाद किया गया।

# दबिश में युवक के पास मिली हजारों की अवैध शराब

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शराब पर प्रतिबंध लगने के बाद अवैध शराब का कारोबार शहर में बढ़ता दिखाई दे रहा है। रविवार-सोमवार रात नीलगंगा पुलिस ने दबिश देकर एक युवक को हिरासत में लिया। जिसके पास से 28 हजार की देशी शराब बरामद की गई है।

नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक कपिल राठौर ने बताया कि रात में खबर मिली थी कि क्षिप्रा नदी किनारे कच्चा मसान क्षेत्र में एक युवक 2 झोले में शराब भरकर लाया है और बेचने का काम कर रहा है। खबर पर मिलते ही थाना प्रभारी तरूण कुरील के निर्देशन में आरक्षक कमल पटेल और पुष्पराज सिंह के साथ कच्चा मसान क्षेत्र में घेराबंदी की गई। एक नदी किनारे एक युवक 2 झोलों के साथ दिखाई दिया। जिसे दबिश देकर पकड़ा गया और विमल पाऊच के झोलों को खोला तो उसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे होना सामने आये। पूछताछ



करने पर युवक का नाम श्याम पिता गोविंद गुप्ता 42 साल निवासी विष्णुपुरा सामने आया। उसे थाने लाया गया, जहां आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। श्याम गुप्ता के पास से बरामद देशी शराब के क्वार्टर 350 थे, जिसकी कीमत 28 हजार रुपए पाई गई है। प्रधान आरक्षक राठौर के अनुसार पूछताछ में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले है। संभावना है कि अवैध शराब से जुड़े कुछ ओर लोगों की गिरफ्तार हो सकती है। फिलहाल आरोपित श्याम को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### गरोठ ब्रिज के नीचे से पकड़ाया युवक

नागझिरी थाना पुलिस ने रविवार-सोमवार रात डेढ़ बजे के लगभग गश्त के दौरान गरोठ ब्रिज के नीचे प्रेमनगर क्षेत्र से कान्हा पिता पोपसिंह चौधरी निवासी चंदेसरा को पकड़ा। उसके पास भी झोले में भरे देशी शराब के 65 क्वार्टर और 11 क्वार्टर अंग्रेजी शराब के बरामद किये गये। कान्हा के खिलाफ धारा 34 आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपित देवास से शराब बेचने के लिये लाया था।

#### बदमाश के पिता से पूछताछ जारी, जल्द सामने आयेगा सच

# हिस्ट्रीशिटर बदमाश के परिवार से जुड़ रहे गोलीकांड के तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ढांचा भवन में शनिवार-रविवार रात गोली लगने से घायल हुए युवक के मामले में पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है उसके तार हिस्ट्रीशिटर बदमाश रौनक गुर्जर के परिवार से जुड़े दिखाई दे रही है। पुलिस जांच पूरी होने के बाद मामले का खुलासा करेगी।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रहने वाला अतिक पिता विपीन माहुरकर 18 साल शनिवार-रविवार रात पैर में गोली लगी थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गोली लगने से घायल अतिक के बयान दर्ज करने रात में पुलिस अस्पताल पहुंची थी। उसने ज्ञानेश्वरी माता मंदिर ब्रिज के पास एक्टिवा से आये 2 नकाबपोशों द्वारा गोली मारने की बात पुलिस को बताई थी। घायल ने आला बाथम का नाम



लिया था, पुलिस ने आला बाथम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, गोलीकांड फर्जी होना सामने आ रहा है। घायल कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर का साथी होना सामने आया है। जांच के दौरान रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर जिस दोना-पत्तल के कारखाने में रहते है, वहां काफी मात्रा में खून मिला है। वहीं घायल द्वारा बताये गये घटनास्थल पर गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस को आशंका है कि रौनक गुर्जर के परिवार ने किसी को झूठे मामले में फंसाने की साजिश रची है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मामला संदिग्ध होने पर मनोहर गुर्जर से पूछताछ की जा रही है। वहीं रौनक गुर्जर शहर में नहीं है, उसका पता लगाकर पूछताछ की जायेगी। फिलहाल मामला संदिग्ध बना हुआ है। पुलिस जांच के बाद सच सामने आ पायेगा।

### गोली चलाई, मकान में लगाई आग

जिस रात रौनक गुर्जर का साथी अतिक गोली लगने से घायल हुआ, उसी रात 11.30 बजे के लगभग कुछ बदमाशों द्वारा हिस्ट्रीशिटर रौनक के मकान में पेट्रोल डालकर आग लगाई गई। इस दौरान आग लगाने वाले बदमाशों ने गोली भी चलाई। यहीं नहीं आग लगाने वालों में 2 झुलस भी गये। गोली चलाने के दौरान वहां से अपनी मां के साथ गुजर रही मासूम बालिका बाल-बाल बच गई। आगजनी की घटना का सोमवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ। जिसमें 10 से 12 लोग दिखाई दे रहे है। मामले का लेकर चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया का कहना था कि सोमवार शाम तक कोई भी मकान में आग लगाये जाने की शिकायत दर्ज कराने थाने नहीं आया था। वीडियो सामने आया है, उसमें दिखाई दे रहे बदमाशों का पता लगाया जा रहा है।

### आला बाथम से की गई पूछताछ

घायल अतिक ने जिस आला बाथम पर गोली चलाने का संदेह जाता था, चिमनगंज थाना पुलिस ने उसे भी पूछताछ के लिये कस्टड़ी में लिया है। चिमनगंज थाना एसआई राजाराम चौहान के अनुसार आला बाथम घटना के समय अपने अम्बोदिया स्थित खेत पर होना सामने आ रहा है। फिलहाल सीसीटीवी कैमरों और मोबाइल लोकेशन से मामले का ट्रेस करने का प्रयास जारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com